Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 357 | मंगलवार, 30 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मुंबई के भांडुप में भीषण सड़क हादसा

# BEST बस ने कई लोगों को कुचला, चार की मौत, 9 घायल

**मुंबई।**

मुंबई के भांडुप में भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। भांडुप पश्चिम इलाके में बेस्ट की बस ने कई लोगों को कुचल दिया था। हादसे में घायल हुए 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। महाराष्ट्र के मुंबई में सोमवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मुंबई के भांडुप (पश्चिम) इलाके में स्टेशन रोड पर रिवर्स हो रही बेस्ट बस ने कई पैदल यात्रियों को कुचल दिया। इस भीषण दुर्घटना में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मुंबई पुलिस के अनुसार, यह हादसा रात करीब 10 बजे उस वक्त हुआ जब बेस्ट की बस अपने रूट के एंड प्वाइंट पर पीछे की ओर ली जा रही थी। तभी अचानक बस ने सड़क किनारे चल रहे लोगों को चपेट में ले लिया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, दुर्घटना के एक घंटे बाद तक बेस्ट प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। डीसीपी हेमराज सिंह राजपूत ने कहा, 'रात करीब 09:35 बजे भांडुप वेस्ट रेलवे स्टेशन के पास एक बस हादसा हुआ। इस घटना में 13 पैदल यात्री घायल हो गए, जिन्हें हमने अस्पताल भेजा है। उनमें से चार यात्रियों की मौत हो गई है, जिनमें तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। बस ड्राइवर पुलिस हिरासत में है। बस की मैकेनिकल और टेक्निकल जांच की जाएगी, उसके बाद ही असली कारण पता चलेगा।' सूत्रों के मुताबिक, हादसे में शामिल बस ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक से वेट लीज पर ली गई थी। इस मॉडल के तहत ईंधन, रखरखाव और चालक की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है।



### सीएम फडणवीस ने हादसे पर जताया दुख

वहीं इस भयानक हादसे पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट (एक्स) किया। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, ₹मुंबई में भांडुप रेलवे स्टेशन के पास एक जानलेवा हादसे में 4 लोगों की मौत होना बहुत दुखद घटना है। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। इस घटना में 9 लोग घायल हुए हैं, और मैं भगवान से उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं।

## यूएन मानवीय सहायता के लिए सिर्फ दो अरब डालर देगा अमेरिका



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मानवीय सहायता कार्यक्रमों के लिए सिर्फ दो अरब डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई। यह घोषणा ऐसे समय की गई है, जब राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के प्रशासन की ओर से अमेरिकी विदेशी सहायता में लगातार कटौती किए जाने और यूएन एजेंसियों को परिस्थितियों के अनुसार ढलने, खुद को सीमित करने या खत्म होने की चेतावनी दी जा रही है। यह राशि अमेरिका की ओर से अतीत में दिए गए योगदान की तुलना में काफी कम है, लेकिन ट्रंप प्रशासन का मानना है कि यह राशि उतनी कम नहीं है और अमेरिका को मानवीय कार्यों के लिए दुनिया के सबसे बड़े दानदाता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने में सक्षम बनाएगी। यूएन डाटा के अनुसार, यह दो अरब डॉलर यूएन मानवीय सहायता कार्यक्रमों के लिए पारंपरिक मानवीय सहायता का एक छोटा हिस्सा है, जो हालिया वर्षों में सालाना 17 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से आठ से दस अरब डॉलर स्वैच्छिक योगदान के रूप में है। इसके अलावा अमेरिका अपनी यूएन सदस्यता से संबंधित वार्षिक शुल्क के रूप में भी अरबों डॉलर का भुगतान करता है। जबकि आलोचकों का कहना है कि पश्चिमी सहायता में कटौती के चलते लाखों लोगों को भूख, विस्थापन या बीमारी का सामना करना पड़ रहा है।

## विधानसभा पहुंचे केसीआर, सीएम रेवंत ने मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।**

राजनीति में मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। तेलंगाना विधानसभा में सोमवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अपने पूर्ववर्ती और विपक्ष के नेता के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत की। शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले, मुख्यमंत्री रेवंत केसीआर के पास गए और हाथ मिलाया। गौरतलब है कि हाल ही में दोनों नेताओं के बीच सिंचाई परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों पर तीखी बयानबाजी के बीच हुई थी। मुख्य विपक्षी पार्टी बीआरएस ने रेवंत पर केसीआर के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और यहां तक कि उनकी मृत्यु की कामना करने का आरोप लगाया है।

**देखने को मिली थी तीखी बयान बाजी**

## 'इनके बिना इजरायल का अस्तित्व नहीं हो सकता', ट्रंप ने की नेतन्याहू की जमकर तारीफ


**नई दिल्ली।**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को डोनल्ड ट्रंप से मुलाकात के लिए फ्लोरिडा पहुंचे। इस दौरान ट्रंप ने नेतन्याहू की खूब तारीफ की और उन्हें युद्धकालीन प्रधानमंत्री बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति गाजा संघर्ष विराम प्लान के अगले चरण को आगे बढ़ाने की कोशिश में लगे हैं। उन्होंने कहा, ₹वह युद्ध के समय के प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने बहुत शानदार काम किया है। उन्होंने इजरायल को सदमे के एक बहुत खतरनाक दौर से बाहर निकाला है।₹ ट्रंप ने आगे कहा, ₹अगर आप सच जानना चाहते हैं तो हो सकता है कि अभी इजरायल होता ही नहीं। यह काफी बड़ी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि अगर आपका प्रधानमंत्री गलत होता तो इजरायल नहीं होता।₹ उनके बगल में खड़े नेतन्याहू ने सिर हिलाया और मुस्कुराए। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा संघर्ष विराम योजना के दूसरे चरण में जाने से पहले हमास को हथियार छोड़ने होंगे। वहीं, उम्मीद की जा रही है कि नेतन्याहू कुछ ध्यान ईरान की ओर मोड़ने की कोशिश करेंगे। ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि वह ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर अमेरिका से और हमले करने के लिए कहेंगे।

## कोहरे और ठंड की चपेट में पूरा उत्तर भारत सड़क, रेल व हवाई यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।**



**मौसम विभाग ने इसके लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है**

उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में सोमवार को घना कोहरा छाया रहा। इस कारण एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। दृश्यता कम होने के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते दिखे। रेल व हवाई यातायात पर भी असर पड़ा। बड़ी संख्या में उड़ानें रद हुईं और ट्रेनें घंटों विलंब से गंतव्य पर पहुंचीं। इस कारण यात्री परेशान रहे। अधिकतम तापमान में गिरावट से ठंड भी बढ़ गई है। अगले दो दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का पूवार्नुमान था कि सोमवार सुबह मध्यम से घना कोहरा छा सकता है। हालांकि, रविवार रात से ही दिल्ली सहित एनसीआर के अन्य शहरों में घना कोहरा छा गया। इस कारण आइजीआइ हवाई अड्डे पर उड़ानों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। कोहरे की घनी चादर के कारण रनवे पर दृश्यता गिरकर 50 मीटर से भी नीचे पहुंच गई। आइजीआइ एयरपोर्ट पर लगे उन्नत एआइ तकनीक आधारित कैट-3 लागू होने के बावजूद सुरक्षा कारणों से कुल 128 उड़ानें रद करनी पड़ीं। वहीं, 300 से अधिक उड़ानें आधे घंटे से लेकर चार घंटे तक विलंबित रहीं। दिल्ली आने वाली आठ उड़ानों को जयपुर, अहमदाबाद और लखनऊ जैसे शहरों की ओर डायवर्ट करना पड़ा। कोहरे व प्रदूषण के कारण रेल यात्री भी परेशान रहे। 90 से अधिक ट्रेनें दो से लेकर 15 घंटे की देरी से दिल्ली पहुंचीं। दिल्ली से चलने वाली कई ट्रेनें देरी से रवाना हुईं। रात में एक बार फिर दिल्ली कोहरे में लिपट गई। मंगलवार को भी मध्यम से घना कोहरा छाने का अनुमान है।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का 80 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का ढाका के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 साल की थीं। उनकी पार्टी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (इठढ) की चेयरपर्सन ने मंगलवार सुबह 6 बजे अंतिम सांस ली।

## दिल्लीवालों को नए साल का तोहफा, सीएम रेखा गुप्ता बांटेगी 6476 फ्लैट्स



**नई दिल्ली।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि नए साल से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की पात्र गरीब परिवारों को फ्लैटों की चाबियां सौंपी जाना शुरू हो जाएगा। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की मौजूदा ईडब्ल्यूएस कॉलोनियों में सामुदायिक सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है, ताकि गरीबों को केवल छत नहीं बल्कि सम्मानजनक और सुविधायुक्त जीवन मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल घर बनाकर जिम्मेदारी पूरी करना नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जलापूर्ति, हरित क्षेत्र और आजीविका से जुड़ी सुविधाएं एक साथ उपलब्ध कराना है। सावड़ा घेवरा जैसी बड़ी कॉलोनियों में बुनियादी और सामाजिक ढांचे का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सावड़ा घेवरा में 37.81 एकड़ क्षेत्र में विकसित कॉलोनी में 2012 से 2020 तक 7,620 फ्लैट बनाए गए, जिनमें से 6,476 अभी खाली हैं और कई की मरम्मत जरूरी है।

**आसपास के 1.5 से 3 किलोमीटर दायरे में बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन, पुलिस स्टेशन, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र पहले से मौजूद हैं**

## शीतलहर-कोहरे का कहर, कई जगह दृश्यता शून्य, 600 उड़ानें और 100 ट्रेनें प्रभावित



**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर के बड़े हिस्सों में सोमवार को घना कोहरा छाया रहा जिससे बड़ी संख्या में उड़ानें और रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। अकेले दिल्ली में ही 600 उड़ानें प्रभावित हुईं। उड़ानों के अलावा रेल सेवाओं पर भी बुरा असर पड़ा है। पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर जारी है। घने कोहरे का असर यातायात संसाधनों पर भी देखने को मिला है। भीषण कोहरे के चलते 600 उड़ानें प्रभावित हुईं और 100 से अधिक ट्रेनें लेट हुई हैं। इंडिगो ने सोमवार को खराब मौसम और ऑपरेशनल कारणों के चलते 118 उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें से छह उड़ानें ऑपरेशनल कारणों के चलते रद्द की गईं, जबकि बाकी अलग-अलग हवाईअड्डे पर खराब मौसम की वजह से कैंसिल हुई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ जगहों पर मंगलवार को दिन के तापमान में सामान्य से 4-5 डिग्री की गिरावट हो सकती है। घने कोहरे के कारण अकेले दिल्ली हवाईअड्डे पर 128 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिनमें आगमन और प्रस्थान की 64-64 उड़ानें शामिल थीं।

## 'एंटीबायोटिक से बढ़ रही खामोश महामारी', पीएम मोदी की सलाह को एक्सपर्ट्स ने बताया समय की जरूरत

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एंटीबायोटिक के दुरुपयोग के खिलाफ दिया गया संदेश समय की बड़ी जरूरत है और यह देश में तेजी से बढ़ रहे एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) जैसे गंभीर स्वास्थ्य संकट की ओर ध्यान खींचता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम की चेतावनी ने इस ह्लखामोश महामारी" को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि भारत में निमोनिया और मूत्र संक्रमण जैसी बीमारियों में एंटीबायोटिक की प्रभावशीलता घट रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना जरूरत और डाक्टर की सलाह के बगैर एंटीबायोटिक का सेवन न करें। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि एएमआर का मतलब है कि संक्रमण फैलाने वाले बैक्टीरिया अब उन दवाओं पर असर नहीं दिखा रहे, जिनसे पहले आसानी से इलाज हो जाता था। वहीं, आईएमए के पूर्व पदाधिकारी डॉ. राजीव जयदेवन ने इसे स्वास्थ्य व्यवस्था पर मंडराता गंभीर खतरा बताया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत में हर तीन में से एक बैक्टीरियल संक्रमण आम एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिरोधी पाया गया। 'लैंसेट' की एक रिपोर्ट ने भारत को 'सुपरबग' संकट के केंद्र में बताया है।



## संपादक की कलम से

# भारत के हासिलों का साल

नवर्ष 2026 दहलीज पर खड़ा मुस्करा रहा है। हालांकि वैश्विक स्तर पर 2025 युद्धों, हमलों और विध्वंस का साल रहा। छह अलग–अलग मोर्चों पर युद्ध लड़े गए और अब भी आसार बने हैं। रूस–यूक्रेन युद्ध अब भी जारी है। ईरान और इजरायल में कभी भी बारूद की बारिश हो सकती है। चीन का जापान और ताइवान के साथ तनाव बढ़ रहा है, लिहाजा अपने–अपने मोर्चों पर हथियारों की तैनाती की जा रही है। बेशक अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप 8 युद्धों को शांत कराने का दावा करते रहें, लेकिन अमरीकी लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों, पनडुब्बियों और कमांडो सैनिकों ने वेनेजुएला की ऐसी घेराबंदी कर रखी है मानो किसी ने गला दबा कर सांस ही रोक दी हो! गाजा का तनाव और हमास आतंकी संगठन की मौजूदगी भी युद्ध को सुलगाए हुए है। सीरिया में भी हमले किए जा रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने नाटो और यूरोप के खिलाफ परमाणु युद्ध की बार–बार धमकी दी है। नाटो और यूरोप भी रूस के साथ लंबी लड़ाई लड? की तैयारी कर रहे हैं। 2026 में युद्धों की विभीषिकाओं और विनाश से मुक्ति मिल सकेगी, ऐसे आसार नहीं हैं, क्योंकि अब ये वर्चस्व और विस्तारवाद के युद्धों में परिणत हो गए हैं। 2025 में भारत ने भी आतंकवाद के दो विस्फोटक और हत्यारे हमले झेले हैं, नतीजतन मई में पाकिस्तान के खिलाफ करीब 90 घंटे का युद्ध लड?ा पड़ा। कश्मीर के पहलगाम के एक पर्यटक स्थल पर आतंकियों ने सैलानियों का धर्म पूछ कर हिंदुओं की हत्या की। उस आतंकी हमले में 26 मासूम मारे गए थे। प्रतिक्रिया में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सक्रिय 100 से अधिक आतंकियों को मार डाला, उनके मुख्यालयों को मिट्टी–मलबा कर दिया और कुछ प्रमुख एयरबेसों को तबाह कर दिया। उनकी मरम्मत आज भी जारी है। दूसरा विस्फोट 10 नवंबर को लालकिले के पास आत्मघाती हमले में किया गया। उसमें 15 मासूम मारे गए और करीब 30 लोग घायल हुए। इस हमले के जरिए डॉक्टरों के जिस आतंकी गिरोह का पदार्फाश हुआ, उसने देश को चौंका दिया। सवाल उठते रहे कि उच्च शिक्षित डॉक्टर भी जेहादी और आतंकी कैसे और क्यों बने? बहरहाल इन दो नकारात्मक और देश–विरोधी घटनाओं के अलावा, भारत में सकारात्मक और सुखद बहुत कुछ हुआ है। वायुसेना अधिकारी शुभांशु शुक्ला प्रथम भारतीय हैं, जो अंतरिक्ष स्टेशन के भीतर गए और 18 दिनों तक अंतरिक्ष में रहते हुए कई प्रयोग भी किए। अंतरिक्ष स्टेशन के भीतर तिरंगा भी स्थापित किया। उनका अनुभव गगनयान मिशन और अंतरिक्ष में भारत का अपना स्टेशन स्थापित करने में योगदान देगा। शुभांशु को नासा के विशेष अभियान का सदस्य बनने का गौरव प्राप्त हुआ। यकीनन 2025 में यह भारत का सबसे गौरवान्वित हासिल रहा। 2025 में ही भारत की महिला क्रिकेट टीम पहली बार विश्व चैम्पियन बनी। दृष्टिबाधित महिलाओं की क्रिकेट टीम भी विश्व विजेता बनी। पुरुषों की क्रिकेट टीम ने 2013 के बाद 2025 में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीती और एशिया कप 9वीं बार जीत कर भारत के हासिलों का परचम लहराया।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



### भय व खौफ

कविता

आसान नहीं है शराफत की जिन्दगी जीना
जहाँ पे हर अपराधी का है गर्व में चौड़ा सीना
बात बात में जो नीरीह से करता है तकरार
इनके आचरण से शर्मिन्दा है जगत संसार

इनके जेहन में ना कोई है कभी लाज व शर्म
नीच हरकत है जब इनका ईमान व धर्म
लुट पाट जबरदस्ती का है जब खुली है धन्धा
सिरमौर बन बैठा है समाज में ये सब बन्दा

ओछी हरकत की फैला दी हर मोड़ पे गन्दगी
अमानवीय व्यवहार चेहरे पे झलकता दरिन्दगी
बम बारूद का विशाल है जिनका ये कारोबार
शर्म से झुक जाती है शराफत की बेबस संसार

सभ्य समाज जब हो जाता है मूक व मौन
इनके खिलाफ आवाज अब उठायेगा कौन
सब के चेहरे पे छाई है भय खौफ का बादल
मस्त हो अपराधियों का फैल रहा है आँचल

कानून का भी खौफ जब किसी को ना डराये
इनके खिलाफ जब कानून भी हाथ उठाये
अपराध के विरुद्ध जब गवाह आगे ना आये
कानून भी मजबूरी में तब नतमस्तक हो जाये

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नये वर्ष में अनुत्तरित सवालों के जबावों की तलाश




एक और वर्ष इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुका है। वर्ष 2025 केवल कैलेंडर का एक अंक नहीं था, बल्कि वह घटनाओं, चेतावनियों, उपलब्धियों और विडंबनाओं का ऐसा संगम रहा, जिसने समाज, राजनीति और विकास की हमारी समूची अवधारणाओं को कठघरे में खड़ा किया। नये वर्ष में प्रवेश करते समय यह केवल उल्लास, संकल्प और शुभकामनाओं का क्षण नहीं है, बल्कि गहरे आत्ममंथन का अवसर भी है। सवाल यह नहीं कि नया साल हमें क्या देगा, सवाल यह है कि बीते वर्ष ने हमें क्या सिखाया और हम उन सीखों को अपने जीवन, नीतियों और प्राथमिकताओं में कितना उतार पाए। हर नया वर्ष अपने साथ उम्मीदों की नई रोशनी लेकर आता है, लेकिन वह बीते वर्ष की छायाओं से मुक्त नहीं होता। उन छायाओं को समझना और उनसे सबक लेना ही नये वर्ष की सच्ची शुरूआत है।

वर्ष 2025 की ओर दृष्टि डालें तो यह स्पष्ट होता है कि भारत और विश्व दोनों स्तरों पर विकास और संकट साथ-साथ चले। एक ओर भारत ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान, बुनियादी ढांचे और वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति को मजबूत किया, वहीं दूसरी ओर पहलगाम की आतंकी घटना, पर्यावरणीय आपदाएं, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और चिकित्सा की बढ़ती लागत, सामाजिक विषमता और राजनीतिक अविश्वास जैसे प्रश्न और भी गहरे होते चले गए। ये वे अनुत्तरित सवाल हैं, जिनके समाधान के बिना नये भारत और सशक्त भारत की संकल्पना अधूरी ही रहेगी। जाते हुए वर्ष के आंकडों एवं घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि केवल आर्थिक आंकड़ों की चमक से किसी राष्ट्र की वास्तविक स्थिति नहीं आंकी जा सकती, उसके लिए आम जनजीवन की सच्चाइयों को समझना जरूरी है।

पहलगाम की आतंकी घटना ने एक बार फिर आतंकवाद के भयावह चेहरे को उजागर किया, लेकिन उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल पीड़ित नहीं, बल्कि निर्णायक और साहसी प्रतिकार करने वाला राष्ट्र है। इस सटीक कार्रवाई ने पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद की पोल खोलते हुए दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और नागरिकों के जीवन के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। आतंक के विरुद्ध भारत की यह नीति-न तो उकसावे में आना, न ही चुप रहना, एक परिपक्व, सक्षम और आत्मविश्वासी राष्ट्र की पहचान बन चुकी है, जिसने सीमा पार बैठे आतंकी संरक्षकों को गहरा और ठोस जवाब दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राएं और उनकी वैश्विक नेतृत्व-छवि भारत के उभार को नई ऊंचाइयों तक ले जाती दिखती हैं। कूटनीति, निवेश, तकनीक और आपूर्ति-श्रृंखलाओं में भारत की भूमिका सुदृढ़ हुई है, जिससे देश के भीतर विश्वास और आशाओं का संचार हुआ है। स्थिर शासन, सुधारों की निरंतरता और वैश्विक साझेदारियों के बल पर भारत का तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना अब एक दूर का स्वप्न नहीं, बल्कि साकार होता परिदृश्य प्रतीत होता है। आतंकवाद के विरुद्ध कठोर रुख, नक्सलवादमुक्त भारत और अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भर, नवोन्मेषी गति-इन तीनों ने मिलकर भारत को विश्व मंच पर निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित किया है। पर्यावरण वर्ष 2025 की सबसे बड़ी चेतावनी बनकर सामने आया। जलवायु परिवर्तन अब केवल वैज्ञानिक रिपोर्टों या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का विषय नहीं रहा, बल्कि वह आम आदमी के जीवन का कठोर यथार्थ बन चुका है। हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन, उत्तर भारत में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, महानगरों में दमघोंटू प्रदूषण और तटीय इलाकों में चक्रवातों की बढ़ती तीव्रता-ये सभी घटनाएं एक ही संकट की अलग-अलग अभिव्यक्तियां हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, पूर्वोत्तर और अन्य राज्यों में आई प्राकृतिक आपदाओं ने यह दिखा दिया कि प्रकृति से खिलवाड़ का मूल्य सबसे पहले गरीब और वंचित चुकाते हैं। विकास की अंधी दौड़ में जब पहाड़ों को काटा जाता है, नदियों को बांधा जाता है और जंगलों को उजाड़ा जाता है, तो उसका परिणाम विनाश के रूप में सामने आता है। नये वर्ष में यह सवाल हमारे सामने खड़ा है कि क्या विकास का अर्थ केवल सड़कें, पुल, सुरंगें और ऊंची इमारतें है, या वह जीवन, प्रकृति और भविष्य की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। जब तक पर्यावरणीय संतुलन को विकास नीति के केंद्र में नहीं रखा जाएगा, तब तक हर नया साल नई आपदाओं की आहट लेकर आता रहेगा। वर्ष 2025 ने हमें यह सोचने को विवश किया है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य ही स्थायी विकास का एकमात्र रास्ता है। प्रदूषण और स्वास्थ्य का संकट भी 2025 में और अधिक गहराया। दिल्ली-एनसीआर सहित अनेक शहरों की हवा लंबे समय तक ह्यगंभीरह्व श्रेणी में बनी रही। यह केवल प्रदूषण के आंकड़े नहीं थे, बल्कि करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य पर मंडराता खतरा था। जल प्रदूषण, प्लास्टिक कचरे और रासायनिक अपशिष्ट ने गांवों और कस्बों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सवाल यह है कि क्या आर्थिक विकास के नाम पर हम अपने ही जीवन स्रोतों को नष्ट करने के लिए तैयार हैं। नया वर्ष यह सोचने की प्रेरणा देता है कि स्वास्थ्य केवल अस्पतालों और दवाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण उसका मूल आधार हैं। शिक्षा के क्षेत्र में 2025 ने कई कड़वी सच्चाइयों को उजागर किया। विदेशों में पढ़ाई लगातार महंगी होती गई और देश के भीतर निजी शिक्षा संस्थानों की फीस मध्यम वर्ग की पहुंच से भी बाहर होती चली गई। शिक्षा का बढ़ता बाजारीकरण गरीबी के दुष्चक्र को और मजबूत कर रहा है। गरीब का बच्चा शिक्षा से वंचित रहता है और अशिक्षा उसे फिर उसी गरीबी में धकेल देती है। बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, चौराहों और कारखानों में काम करते बच्चों की तस्वीरें विकास के दावों पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। नया वर्ष यह गंभीर सवाल सामने रखता है कि क्या शिक्षा अधिकार है या विशेषाधिकार। यदि शिक्षा वास्तव में राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है, तो उसे बाजार की वस्तु क्यों बना दिया गया है। चिकित्सा व्यवस्था भी 2025 में आम आदमी की सबसे बड़ी चिंता बनी रही। सरकारी योजनाओं और दावों के बावजूद गंभीर बीमारी आज भी आर्थिक तबाही का कारण बन जाती है। निजी अस्पतालों की मनमानी, महंगी जांचें और दवाइयों की बढ़ती कीमतें यह प्रश्न खड़ा करती हैं कि क्या जीवन भी अब खरीदने-बेचने की वस्तु बन गया है। नया साल यह मांग करता है कि स्वास्थ्य को सेवा के रूप में पुनर्परिभाषित किया जाए, न कि मुनाफे के साधन के रूप में। महामारी और आपदाओं के अनुभव यह सिखाते हैं कि मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली ही किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होती है।



ललित गर्ग

भ्रष्टाचार और राजनीति का संकट भी 2025 में लगातार चर्चा का विषय बना रहा। आरोप-प्रत्यारोप, घोटालों की खबरें और राजनीतिक कटुता ने लोकतंत्र के प्रति आमजन के विश्वास को कमजोर किया। लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है, बल्कि वह जनविश्वास, पारदर्शिता और जवाबदेही की निरंतर परीक्षा भी है। जब जनता को यह महसूस होता है कि नीतियां उसके हितों के बजाय कुछ चुनिंदा वर्गों के लिए बन रही हैं, तो असंतोष और निराशा जन्म लेती है। नया वर्ष यह सवाल उठाता है कि क्या राजनीति सेवा का माध्यम बनेगी या केवल सत्ता का साधन बनी रहेगी। वर्ष 2025 ने हमें यह सिखाया कि चुनौतियां केवल समस्याएं नहीं होतीं, वे भविष्य की दिशा भी तय करती हैं। पर्यावरण संकट हमें टिकाऊ विकास की ओर बुलाता है, शिक्षा और स्वास्थ्य की चुनौतियां हमें मानवीय मूल्यों की याद दिलाती हैं और गरीबी व भ्रष्टाचार हमें सामाजिक न्याय की अनिवार्यता समझाते हैं। नये वर्ष की नाव इन्हीं अनुभवों और सबकों के सहारे आगे बढ़ सकती है। यदि हम विकास को प्रकृति-संवेदनशील बनाएं, शिक्षा और चिकित्सा को लोककल्याण का आधार मानें, राजनीति में नैतिकता और प्रशासन में पारदर्शिता स्थापित करें और गरीबी उन्मूलन को केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि जीवन की वास्तविकता में उतारें, तो नये वर्ष का स्वागत सार्थक होगा। नया साल कोई जादुई समाधान नहीं लाता, वह केवल एक अवसर देता है-अपने अनुत्तरित सवालों से ईमानदारी से जूझने का। यदि हम 2025 की घटनाओं से प्रेरणा लेकर 2026 में सही प्रश्न पूछने का साहस कर पाएं, तो उनके उत्तर स्वतः रास्ता बना लेंगे। यही नये वर्ष की सच्ची कामना, संकल्प और सबसे बड़ी उपलब्धि हो सकती प्रेषक

# अग्रवाल युवा मंडल तसीमों के अध्यक्ष बने विवेक मित्तल

वेलकम इंडिया




**सैंपऊ धौलपुर राजस्थान।** अग्रोहा में संपन्न हुई जिला अग्रवाल महासमिति धौलपुर की दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक में तसीमों अग्रवाल समाज समिति तसीमों अध्यक्ष विजय मित्तल, महामंत्री दीपचंद मित्तल, उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद मित्तल,

की अभिशंसा पर अग्रवाल महासमिति धौलपुर जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल, मंत्री मुकेश बंसल कोर्ट और अग्रवाल युवा महासंघ धौलपुर जिलाध्यक्ष अविनाश गर्ग द्वारा अग्रवाल नवयुवक मंडल तसीमों के अध्यक्ष पद पर विवेक मित्तल को नियुक्त किया गया है। जिस पर सभी ने विवेक मित्तल को तसीमों अग्रवाल युवा अध्यक्ष बनने पर बधाइयां दी। वहीं विवेक मित्तल द्वारा सर्व सहमति से कार्यकारिणी विस्तार करते हुए मुख्य संरक्षक पद कर अंकुर मित्तल, महामंत्री पद पर पुष्पेंद्र मित्तल, उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष पद पर भोला उर्फ विजय मित्तल, संगठन मंत्री रवि मित्तल, मुख्य सलाहकार अजय मित्तल आदि को नियुक्त किया गया। वहीं जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल ने तसीमों में निमार्णाधीन अग्रवाल धर्मशाला के निर्माण के लिए महावीर प्रसाद मित्तल को संयोजक नियुक्त किया गया। जिन्होंने विनोद कुमार मित्तल, विजय मित्तल, मुरारीलाल मित्तल, दीपचंद मित्तल, अनूप सिंघल, दीपेंद्र कुमार मित्तल, अंकुर मित्तल, ब्रजमोहन मित्तल, विवेक मित्तल के साथ धर्मशाला निर्माण कमेटी का गठन किया। जो कि धर्मशाला का अधूरा कार्य धर्मशाला कमेटी कमेटी के द्वारा किया जाएगा।

# अत्यधिक सर्दी के दृष्टिगत रैन बसेरों एवं आश्रय स्थलों के इंतजाम दुरुस्त रखे जायें-एडीएम

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान।** बिजली, पानी एवं मौसमी बिमारियों को लेकर सप्ताहिक समीक्षा बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि अत्यधिक सर्दी के दृष्टिगत रैन बसेरों एवं आश्रय स्थलों के इंतजाम दुरुस्त रखे जायें जिससे निराश्रित लोग शरण लेकर अपना बचाव कर सकें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं नगर परिषद को संबंधित सड़कों पर पेचवर्क एवं दुरुस्तीकरण का कार्य कराये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दीर्घकाल से लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाए, औसत निस्तारण समय में कमी की जाये एवं परिवादों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कर परिवादियों को राहत एवं संतुष्टि प्रदान की जाये। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय-समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'लाडो बिटिया का हुनर मंजिल शक्ति हुनर शक्ति फाउंडेशन कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प मे बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था एवं सहयोगी सेंटर तत्वावधान में ह्वलाडो बिटिया का हुनरह्व अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत लगभग 1500 बेटियों को सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को रोजगारपरक कौशल से जोड़ना है, साथ ही राजकीय विद्यालयों की बच्चियों को शामिल करते हुए प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बन सकें। अपने हुनर को पहचान सके प्रशिक्षण के दौरान बेटियों को सिलाई-कढ़ाई, फैशन डिजाइनिंग की बुनियादी जानकारी के साथ-साथ ब्यूटी पार्लर से जुड़े आधुनिक तकनीकों का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है हुनर शक्ति फाउंडेशन के संस्था सचिव नीरज झा ने बताया कि यह अभियान केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद बेटियों को स्वरोजगार के लिए मार्गदर्शन और सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। इससे वे घर बैठे या स्वयं का छोटा व्यवसाय शुरू कर सकेंगी कार्यक्रम में आई स्टार्ट अप के धौलपुर जिला कॉर्डिनेटर कौशल जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियानों से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है और वे सम्मान के साथ जीवन यापन कर पाती हैं इसमें सिलाई एवं गृह साज सज्जा में नवाचार कर आई स्टार्ट अप के माध्यम से लाखों रुपए की ग्रांट भी ले सकती हैं जो कि नॉन रिफंडेबल होती हैं इस प्रकार से अपने हुनर के साथ आत्मनिर्भर बन सकते हैं।



# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल विधानसभा सम्मेलन आयोजित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** पूर्व प्रधानमन्त्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा नूरपुर विधानसभा के अस्करिपुर आभा फार्म हाउस मे अटल सुशासन स्मृति सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि एम.एल.सी गोपाल अंजान व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बोबी रहे। मुख्य अतिथि गोपाल अंजान ने पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक सच्चे राष्ट्र भक्त व भारत माता के महान सपूत थे। उन्होने भारतीय जनता पार्टी को अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर पार्टी को मजबूत किया। भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्र के प्रति अटल जी का योगदान अतुल्य है। संचालन जिला महामन्त्री नरेश भाटी ने किया। सम्मेलन मे ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान, ,नूरपुर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, गोहाबर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, सहसपुर मंडल अध्यक्ष खजान पाल, नूरपुर मंडल महामन्त्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार, सुधीर चौहान, नूरपुर मंडल मंत्री राहुल यादव, प्रमोहन चौहान, प्रदीप कुमार राणा, चौधरी ठकरी सिंह, धर्मेंद्र जोशी, विनोद चौहान टायर वाले, हितेंद्र चौहान डॉक्टर शीला राणा कमलेश प्रजापति एव शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व विधानसभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोटद्वार से नई दिल्ली के लिए प्रातकाल ट्रेन चलाए जाने के लिए महाप्रबंधक अवगत कराया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद कोटद्वार से नई दिल्ली के लिए प्रात काल में ट्रेन चलाए जाने जम्मूतवी जाने वाली ट्रेनों के स्टॉपेज कराए जाने का संबंध में महाप्रबंधक उत्तर रेलवे को अवगत कराया गया है

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आए महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा को दिए एक ज्ञापन में आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने अवगत कराया कि

कोटद्वार से दिल्ली के लिए प्रातकाल समय में चला दी जाए तो रेलवे को लाखो रुपए प्रति माह की आय होगी तथा कोटद्वार सहित जनपद बिजनौर के लोगों को तथा व्यापारियों को काफी फायदा मिलेगा और इस संबंध में पूर्व में उत्तराखंड सरकार भी अपनी संस्तुति रेल मंत्रालय को कर चुकी है इसके अलावा आरटीआई कार्यकर्ता ने जम्मू तवी जाने वाली नॉन स्टॉप ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग उत्तराखंड के प्रवेश द्वार पर स्थित नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर कराए जाने की मांग की ताकि आमजन और सेना के जवानों को ट्रेनों के स्टॉपेज का फायदा मिल सके।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा अर्धरात्रि में रेलवे स्टेशन रेल बसेरे का किया निरीक्षण



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कल अर्द्धरात्रि में रेलवे स्टेशन बिजनौर स्थित रैन-बसेरा एवं प्लेटफार्म का निरीक्षण कर मुसाफिरों और असहाय लोगों का हाल-चाल पूछा और उनको कम्बल वितरित किए गए। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी सदर रितु चौधरी भी साथ थीं।

उन्होंने सभी उप जिला अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देश दिए कि सर्दी के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि अन्य स्थानों पर बनाए गए रैन-बसेरे का निरीक्षण करें और उनमें में प्रवास करने वाले यात्रियों, बेसहारा लोगों को सर्दी से बचाव के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं अद्यतन रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को यह भी निर्देश दिए कि शहर के स्टेशनों, बस अड्डों एवं सभी मुख्य चौराहों एवं स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाने की व्यवस्था को बनाए रखें और यदि रात्रि में कहीं कोई असहाय व्यक्ति या यात्री सहायता योग्य पाया जाए तो तत्काल रैन-बसेरे में उसके प्रवास की व्यवस्था करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में कोई भी लाचार एवं परदेसी व्यक्ति ठंड में ठिठुरते हुए नहीं पाया जाना चाहिए।

# सती माता मन्दिर पर दो दिवसीय मेला सम्पन्न

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद सती माता मन्दिर पर दो दिवसीय मेला सम्पन्न व्यवस्थापक पं मनोज शर्मा ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया

नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के नांगल सोती थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर द्वारिका (तिसोतरा) में प्रति वर्ष पौष मास की सप्तमी को लगने वाला दो दिवसीय मेला जिसमें जनपद भर के लोग परिवार सहित यहां आकर सती माता मंदिर में सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं प्रसाद चढ़ाते हैं और यहां आकर कुन्डारे लगाते हैं मेले में छोटे-बड़े कई प्रकार के झूले, खेल-खिलौने खाने-पीने के अनेक स्टाल लगाए गए यह मेला पूरे जनपद वासियों के लिए आस्था और मेल मिलाप का केन्द्र है पूरे गांव में हर घर में अतिथियों के आगमन से पूरे गांव में चहल पहल रहती है इस मन्दिर में सनातनियों के साथ साथ अनेक मुस्लिम धर्म के अनुयायी भी मनोकामना पूरी करने हेतु मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हैं मन्दिर पर सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं ऐसा आमजन का विश्वास है यहां प्राचीन परंपराओं के अनुसार नव विवाहित युवतियां पुत्र प्राप्ति के बाद परिवार सहित मनोकामना पूर्ण होने पर कुंडारे लेकर आती है मेले का मुख्य आकर्षण छोटे बड़े झूले चूड़ियां बर्तनों की दुकान जलेबी चाट पकौड़ी जैसे स्वादिष्ट पकवान और मेले के अंत में दंगल कुश्ती का आयोजन बहुत पुराने समय से होता है आज संपन्न हुए मेले में थाना अध्यक्ष नांगल पवन कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल यातायात एवं मेले में आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पूरी तरह मुश्तैद रहा इसमें महिला पुलिसकर्मी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर मेला से कुशल संपन्न होने पर सती माता मंदिर के पुजारी पंडित मनोज कुमार शर्मा ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और स्थानीय राजनीतिक सामाजिक व्यक्तियों का तथा इस मेले में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं दुकानदारों का आभार प्रकट किया जिनके सहयोग से वह मिला सब चल संपन्न हुआ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने शोभित चौधरी, डा रितेश सैन, अभय रघुवंशी, संदीप चौधरी, मनोज राठी आदि पार्टी पदाधिकारियों एवं परिवार के साथ मन्दिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र के विकास शान्ति सम्रद्धि की प्रार्थना की।

# दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ श्रीपाद बाबा महाराज का 29 वां त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव

**वृन्दावन।** मोतीझील स्थित श्रीराधा उपासना कुंज में ब्रज अकादमी के तत्वावधान में ब्रज के प्रख्यात संत श्रीपाद बाबा महाराज का 29 वां त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव महंत बाबा संतदास महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है। महोत्सव का शुभारंभ प्रातःकाल संत शिरोमणि श्रीपाद बाबा महाराज के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पूजन - अर्चन के साथ किया गया।तत्पश्चात भक्त-भगवंत अर्चा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीराधा उपासना कुंज के महंत बाबा संतदास महाराज ने कहा कि संत श्रीपाद बाबा महाराज श्रीधाम वृंदावन, ब्रज संस्कृति एवं ब्रजवासियों के परम हित चिंतक थे।उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन इन्हीं की सेवा व संरक्षण के लिए समर्पित किया।

# थ्री व्हीलर व बाइक की टक्कर से एक कि मौत दो अन्य धायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नगीना।** थाना देहात क्षेत्र के रायपुर सादात निवासी कुड़वा सिंह का 32 वर्षीय पुत्र अजय व उसका दोस्त साज़िद 35 वर्ष पुत्र मुन्ने रविवार की रात्रि लगभग 7-30 बजे बाईक पर सवार होकर दोनों नगीना से अपने घर वापस जा रहें थे। जब उनकी बाईक नगीना रायपुर रोड स्थित चौधरी पैट्रोल पंप के पास पहुंचे तो अचानक सामने से आ रहे थ्री व्हीलर की टक्कर होने पर साज़िद, अजय व थ्री व्हीलर में सवार थाना किरतपुर क्षेत्र के ग्राम मेमन निवासी अली अब्बास का पुत्र मौहम्मद कासिम घायल हो गए।राहगीरों ने तीनों घायलो को नगीना सीएचसी से पहुंचवाया जहां पर सीएचसी के डाक्टर ने घायल साज़िद को देखकर मृत घोषित किया व घायल अजय, मौहम्मद कासिम का उपचार किया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक साज़िद के परिजन व घायल अजय के परिजन रोते बिलखते हुए सीएचसी पहुंचे जहां पर उन्होंने साज़िद को मृत देखकर बुरी तरह रोने पीटने लगे। सूचना मिलते ही नगीना थाने से पुलिस भी नगीना सीएचसी पहुंची जहां पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस परिजनों से पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए कह रही थी। लेकिन मृतक के परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाते हुए।कोई कार्रवाई न करने का कहते हुए शव को बिना पोस्टमार्टम के सौंपने को कहा। पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस को एक तहरीर में कोई कार्रवाई न करने व मृतक के शव को बिना पोस्टमार्टम के सपूर्दगी में लिखकर देने पर थाना प्रभारी अवनीत मान सिंह ने पीड़ित परिवार के दुःख दर्द को समझते हुए।मृतक साज़िद के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। जिससे वह रविवार की रात्रि लगभग 12 बजे शव को अपने घर लेकर रायपुर पहुंचे।

# देवतोली में छात्रों ने दिखाई खेल प्रतिभा



**वेलकम इंडिया**

**कांडा।** पंकज डसीला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पीएस डसीला स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज विद्यालय देवतोली में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राइका खेल खेल मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रतियोगिता में न्याय पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से अंडर 14 से अंडर 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने अपनी खेल प्रतिभा दिखायी।

खेल महाकुंभ में न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान ऐथेलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी एवं मुर्गा झपट जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को कहा गया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक व राइका देवतोली प्रधानाचार्य गोकुलानन्द कांडपाल, अभिवावक संघ अध्यक्ष विनोद रावत, भंडारी गांव प्रधान कुंदन बोरा, पूर्व क्षेत्रपंचायत सदस्य सुनील रावत, एमएससी अध्यक्ष शंकर साहनी राजेन्द्र खाती, हरीश डसीला, प्रधानाचार्य गोकुलानंद कांडपाल, पंकज माजिला, नंदन सिंह रौतेला, एव अन्य अध्यापक अभिभावक और स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मौजूद अतिथियों और शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल महाकुंभ का उद्देश्य बताते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान करना है। जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। खेल महाकुंभ के आयोजन से क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का विकास हो रहा है। न्याय पंचायत स्तर पर प्रथम, द्वितीयव तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को नकद धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। न्याय पंचायत स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को अब विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। बताया कि कपकोट के केदारेश्वर खेल मैदान में आयोजित होने वाली विधानसभा स्तरीय खेल महाकुंभ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली चयनित खिलाड़ी सांसद स्तर एवं फिर मुख्यमंत्री स्तर की खेल महाकुंभ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को जिला स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करने की अपील की।

# अलीशा हुसैन सिद्दीकी ने आयोजित किया लिहाफ वितरण कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष तथा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर अग्रणी भूमिका प्रदर्शित करते हुए अनेको स्थानो पर सम्मानित हो चुकी समाजसेवी महिला अलीशा हुसैन सिद्दीकी ने अपने समाजसेवी कार्यों की परंपरा को आगे बढाते हुए निरंतर बढ़ती जा रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर से लोगों को राहत दिलाने के लिए राजा का ताजपुर में लिहाफ वितरण समारोह का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे पुरुषों और महिलाओं को लिहाफ वितरित किए गए इस मौके पर अलीशा हुसैन सिद्दीकी ने पत्रकार शुभम वालिया, पत्रकार सरदार सतविंदर सिंह गुजराल तथा आर.एम.के. भारत न्यूज ई पेपर के प्रधान संपादक रोमियो मयूर खान को सम्मानित किया गया। तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नाम संबोधित ज्ञापन चांदपुर के उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया को सोपा गया।जिसमें व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न तथा जनहित से जुड़े अनेक मुद्दों की और मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराया गया है?। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मोनिका यादव, सुनीता त्यागी, इंद्रा गुप्ता, राजेश गुप्ता, गोपाल मीणा (प्रदेश प्रवक्ता), एड० नईम अहमद, उर्मिला पाल (प्रदेश प्रचार मंत्री महिला), डॉ शौकत अली (समाजसेवी) आदि सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक मौजूद रहे।

# मनरेगा नाम बदलने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन



**वेलकम इंडिया**

**गरुड़,** दिनेश नेगी, केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के नाम और बुनियादी स्वरूप में बदलाव किए जाने के विरोध में गरुड़, बागेश्वर व कपकोट ब्लॉक में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मनरेगा का नाम बदलकर 'वीबीजीरामजी' करना महात्मा गांधी के सम्मान और उनकी विरासत का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह कदम भाजपा-आरएसएस की गांधीवादी विचारधारा के प्रति विरोधी सोच को दशार्ता है। कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए योजना का मूल नाम और स्वरूप बनाए रखने की मांग की। साथ ही प्रदर्शन कर अंत में केंद्र सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की अपील की गई। गरुड़ में वरिस्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता और जिपं सदस्य बबलू नेगीके नेतृत्व में ब्लाक अध्यक्ष और अन्य कार्यकताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान नरेंद्र कुमार, कैलाश पवार, प्रकाश कोहली, लक्ष्मण राम, सुन्दर बोरा, धीरज कुमार, संजय सिंह फर्शवाण, ललित परिहार, कैलाश परिहार, रंजीत रावत, संकर जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल

# आर एम के भारत न्यूज ई पेपर प्रकाशन के 3 वर्ष पूर्ण होने पर की गई नवीन एवं आकर्षक ₹लोगो₹ की लॉन्चिंग

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर।** आर एम के भारत न्यूज ई पेपर के गौरवशाली एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण 3 वर्ष पूर्ण हो जाने पर नवीन एवं आकर्षक ₹लोगो₹ की लांचिंग की गई इस लॉन्चिंग के साथ ही अब पाठकों को नए कलेवर के रूप में आर एम के भारत न्यूज ई पेपर में धार्मिक सांस्कृतिक साहित्यिक एवं सामाजिक गतिविधियों के समाचार पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त रहेगा नगर के मुख्य बाजार मे दुर्गा मार्केट स्थित धामपुर पत्रकार संघ के कार्यालय पर आयोजित सादे समारोह में इस नवीन और आकर्षक ₹लोगो₹ की लॉन्चिंग नगर के वरिष्ठ साहित्यकार रक्तवीर के संस्थापक एवं प्रधान संपादक तथा धामपुर पत्रकार संघ के वरिष्ठ संरक्षक दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन एवं संरक्षक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक धामपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष सचिन कुमार, अग्रवाल बंधन, न्यूज चैनल के डायरेक्टर एवं धामपुर पत्रकार संघ के सचिव सुमित कुमार शर्मा, आर एम के भारत न्यूज ई पेपर के संपादक रोमियो मयूर खान, डिजिटल अड्डा टूर एंड ट्रेवल्स के डायरेक्टर सलमान फरीदी और मोहम्मद आसिफ मीडिया सहयोगी सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी आदि ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर धामपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष सचिन कुमार अग्रवाल ने रोमियो मयूर खान को मिष्ठान खिलाकर उनके ई पेपर के चौथे वर्ष में प्रवेश कर जाने की मंगल मय शुभकामनाएं दी वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन ने कहा कि साधन विहीनता का वातावरण होने के बावजूद लगातार 3 वर्षों से ई-पेपर का प्रकाशन होना अपने आप में गौरवशाली और उपलब्धि पूर्ण है उन्होंने नगर के वरिष्ठ पत्रकार सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक एवं रोमियो मयूर द्वारा संयुक्त प्रयासों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों की गतिविधियों को समाचार के रूप में विस्तार से प्रकाशित किए जाने की भी प्रशंसा की। इस दौरान डिजिटल अड्डा टूर एंड ट्रेवल्स के डायरेक्टर सलमान फरीदी और मोहम्मद आसिफ ने जनपद के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रोमियो मयूर द्वारा बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण देकर उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराने के साथ ही ई पेपर का प्रकाशन भी समर्पित भाव से किया जाना पत्रकारिता क्षेत्र की उपलब्धि बताया बंधन न्यूज चैनल के डायरेक्टर सुमित कुमार शर्मा ने भी रोमियो मयूर के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए ई पेपर के चौथे वर्ष में प्रवेश कर जाने की शुभकामनाएं दी।



# नमो: बुद्धया :भगवान बुद्ध की जन्मस्थली जनपद सिद्धार्थनगर का स्थापना दिवस मानया गया

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** भगवान बुद्ध की जन्मस्थली जनपद सिद्धार्थनगर का 37वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों की शुरूआत साड़ी तिराहा पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इस अवसर पर डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद सिद्धार्थ चौराहा और बर्डपुर स्थित तिराहे पर भी बुद्ध प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए गए।

मुख्य आयोजन अलीगढ़वा स्थित ऐतिहासिक कपिलवस्तु स्तूप पर हुआ। यहां जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, सांसद जगदंबिका पाल, इटवा विधायक व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय और अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने स्तूप का पूजन और परिक्रमा भी की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सांसद और विधायक का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



कार्यक्रम में शिवपति इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत और कपिलवस्तु गीत प्रस्तुत किए। सभा को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने जनपद के ऐतिहासिक महत्व और भगवान बुद्ध से जुड़े गौरवशाली अतीत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तथागत गौतम बुद्ध का बाल्यकालीन नाम सिद्धार्थ था, जिससे सिद्धार्थनगर की पहचान बनी। सांसद ने कपिलवस्तु में चल रहे विकास कार्यों, लाइट एंड साउंड शो, विपश्यना केंद्र और बुद्ध सर्किट परियोजना की जानकारी भी दी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जनपद स्थापना के 37वां वर्षगांठ के अवसर पर सभी का स्वागत करते हुए जनपद स्थापना दिवस की बधाई दी।

## कपकोट में बहुउद्देशीय शिविर में जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता, प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को न्याय पंचायत भराड़ी के कपकोट विकासखंड सभागार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें जिलाधिकारी ने 45 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण हेतु आदेशित किया। बहुउद्देशीय शिविर में 640 लाभार्थियों ने प्रतिभाग कर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाया।

# ग्राम प्रहरियों को ठंड से बचाव के लिए सीओ व थानाध्यक्ष ने कंबल बाटे

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर।** चौकीदारों को सर्दी के मौसम मे कडाके की ठंड से बचाव के लिए सोमवार को कपिलवस्तु कोतवाली परिसर मे सीओ सदर विश्वजीत शौर्यान ने थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी के साथ कपिलवस्तु थाना क्षेत्र मे तैनात ग्राम प्रहरियों के बीच कंबल वितरित किया।इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले राजकुमार पाण्डेय ग्राम प्रहरी सिहोरवा बुजुर्ग थाना कपिलवस्तु, मुनिराम गौड़ ग्राम प्रहरी महुअवाशेख थाना कपिलवस्तु, मो0 इलियास ग्राम प्रहरी कलवारी थाना कपिलवस्तु को क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौर्यान (कढर) द्वारा नगद धनराशि देकर पुरुस्कृत किया गया।कंबल पाकर ग्राम प्रहरियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। सीओ विश्वजीत शौर्यान ने बताया कि ग्राम चौकीदार पुलिस की पहली कड़ी होते हैं। उनके पास गांव की गतिविधियों की जानकारी रहती है, जिसे वे थाने तक पहुंचाते हैं। पुलिस को उनसे महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में, खासकर रात में, चौकीदारों को गश्त के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए उन्हें कंबल प्रदान किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी ने चौकीदारों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में मिलने वाली किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस को दें। मौसम को देखते हुए रात्रि गश्त के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि चोरी जैसी कोई अप्रिय घटना न हो सके और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। कपिलवस्तु थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि ग्राम प्रहरियों की सतर्कता और सक्रियता से ही अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और गांवों में शांति कायम रखने में मदद मिलती है।

## सार संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी विधानसभा के मेंहदीगंज स्थित जगवंती लॉन में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के 101वीं जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में सोमवार को अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ अशोक बाजपेई एवं विशिष्ट अतिथि मिजार्पुर के पूर्व जिला अध्यक्ष बालेन्दु मणि त्रिपाठी जी रहे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुजरात के पूर्व विधायक जगदीश पटेल जी, क्षेत्रीय मंत्री राजेश राजभर, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, जिला उपाध्यक्ष अरविंद प्रधान, अजय सिंह मुन्ना, एमएलसी प्रतिनिधि संदीप सिंह मिंटू, विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल, अभिषेक दुबे, डॉ रमेश पटेल, सुजीत पाल, विवेक सिंह, शिवधनी पटेल, डॉ. वंशराज पटेल जी, सुनीता सिंह, विनीता सिंह, राम सकल पटेल समेत अन्य कार्यकर्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अश्वनी पाण्डेय ने किया।

### वीपीसीसी मुंबई और जे बी पंत भदोही की हुई जीत



**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

मिजार्मुराद कछवारोड़। खोचवा गांव (रूपापुर) के सूर्या पार्क मैदान पर खेली जा रही स्वर्गीय बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन सोमवार को पहला मैच श्री साई क्रिकेट एकडमी आजमगढ़ और वीपीसीसी मुंबई के बीच 16-16 ओवरो का खेला गया।जिसमें वीपीसीसी मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया जिसमें वीपीसीसी मुंबई ने 16 ओवरों में 123 रन बनाये जिसमें मित मेहकर ने 55 रन 11 चौके और सागर ने 17 रन बनाये आजमगढ़ एकडेमी के तरफ से विजय साहनी ने 3 विकेट विकेट लिया जवाब में ऐकेडमी ने सभी विकेट खोकर 103 रन बना सकी जिससे वीपीसीसी मुंबई ने मैच 20 रन से जीत कर अगले दौर मे पहुंच गया। दूसरे मैच जी बी पंत भदोही और मातलदेई वाराणसी बीच 15-15 ओवरो का खेला गया जिसमें वाराणसी ने 15 ओवर में सभी विकेट खोकर 91 रन बनाया जिसमे कृष्णा 27 रन बनाये और सौर्य 22 रन बनाये भदोही कें तरफ से दीपचंद ने 4 और नागेंद्र ने 3 विकेट लिए जबाब मे भदोही ने 12.3 ओवर 92 रन बना कर मैच 4 विकेट से जीत गयी जिसमे अवनीश यादव ने 26 रन और आशुतोष 24 रन बनाये दीपचंद मैन ऑफ द मैच हुए।

### जिला पंचायत अध्यक्ष गोवर्धन विस की ग्राम पंचायतों में शोकाकुल परिवारों से मिले



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोन, मगोर्रा, फोंडर, बछगाँव एवं नगला देविया में विगत दिनों हुई शोकाकुल घटनाओं पर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उनके दुःख में सहभागी बनते हुए उन्हें ढांढस बंधाया तथा इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान विनोद चौधरी (पूर्व प्रमुख, गोवर्धन), विजयपाल, चंद्रपाल प्रधान, योगेश पहलवान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दिव्याभा इंटर कॉलेज, प्रयागराज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** दिव्याभा इंटर कॉलेज, प्रयागराज का वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक संजीव कुमार बाजपेयी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में गीता उपदेश पर आधारित नृत्य-नाटिका, भजन, परशुरामझलक्ष्मण संवाद तथा नवदुर्गा पर आधारित प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं देशभक्ति गीतों ने श्रोताओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल किया। संपूर्ण आयोजन में भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सजीव झलक देखने को मिली।

वर्तमान शैक्षिक सत्र में 99.8% उपस्थिति के लिए छात्र वैभव गुप्ता एवं छात्रा मुस्कान यादव को प्रधानाचार्या रेखा बाजपेयी द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार राठौर, अभिभावकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य रुचि राय ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

# अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करने वाले क्रांतिकारियों की स्मृति में मूर्ति स्थापना का भूमि पूजन

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**




**लखीमपुर खीरी।** ग्राम कुकरा, जनपद खीरी में 29 दिसंबर 2025 को अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष करने वाले अमर क्रांतिकारियों एवं महान समाज सुधारकों की स्मृति में मूर्ति स्थापना हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन भारतीय बौद्ध महासभा, लखनऊ के तत्वावधान में भन्ते सुमित रत्न के पावन सान्निध्य में आयोजित किया गया, जहाँ स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकताओं, युवाओं और बुद्धिजीवियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान लाखन पासी, उदा देवी पासी, मातादीन भंगी, गुरु रविदास, संत गाड़गे महाराज, डॉ. भीमराव आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम जी के संघर्ष, त्याग, सामाजिक चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके ऐतिहासिक योगदान को भावपूर्ण शब्दों में याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन महापुरुषों ने न केवल अंग्रेजी शासन के विरुद्ध लोगों में जागृति पैदा की, बल्कि समाज में समता, स्वाभिमान, आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय, किसानों के अधिकार, बेरोजगारी, महंगाई और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष करती रही है। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर संगठन सुदृढ़ करने और जनता के बीच मजबूत संवाद स्थापित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान रेहान खान ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर, बिरसा मुंडा, लक्ष्मण पासी और ज्योतिबा फुले की प्रतिमाओं की स्थापना अगले दो महीनों के भीतर कराई जाएगी। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को सामाजिक परिवर्तन के नायकों से जोड़ने का काम करेगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कुकरा गाँव में एक नए इंटर कॉलेज की स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी, जिससे क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधा मिलेगी और उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने इस घोषणा का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# शोषित क्रांति दल का विरोध प्रदर्शन, बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका, नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** सोमवार को जनपद हापुड़ में शोषित क्रांति दल के कार्यकताओं ने बांग्लादेश सरकार और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष केपी सिंह के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास आयोजित किया गया, जहां कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया।प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंकने का प्रयास किया।

इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने नीतीश कुमार का पुतला कार्यकताओं से छीन लिया, जिसके बाद कार्यकताओं ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया।पूर्व जिला अध्यक्ष केपी सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं और खुलेआम निर्मम हत्याएं की जा रही हैं, लेकिन बांग्लादेश सरकार इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है।

उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर मुस्लिम छात्रा का हिजाब खींचने का आरोप लगाते हुए इस घटना की कड़ी निंदा की और उनके इस्तीफे की मांग की।कार्यकताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन हापुड़ प्रशासन को सौंपा।

# झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप: न्याय की मांग पर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के ढेबरुआ थाना क्षेत्र स्थित गडरखा गांव में एक गंभीर आपराधिक मामले को लेकर तनाव बढ़ गया है। गांव निवासी लवकुश यादव ने आरोप लगाया है कि एक हत्या के मुकदमे में गवाही देने से रोकने और जबरन सुलह कराने के उद्देश्य से उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची जा रही है। इस मामले में न्याय की मांग को लेकर सोमवार को गडरखा गांव के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च कर जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों के अनुसार, लवकुश यादव पुत्र वंशराज यादव ने गांव के अब्दुल मजीद की हत्या के संबंध में ढेबरुआ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। यह मुकदमा सरकार बनाम रविन्द्र शर्मा आदि के तहत पंजीकृत किया गया था। इसमें आशीष पुत्र सुमिरन और रामनयन पुत्र सोमई को भी अभियुक्त बनाया गया था, हालांकि विवेचना के दौरान व्यक्ति का नाम हटा दिया गया।

लवकुश यादव का कहना है कि इसी हत्या के मुकदमे में उनकी गवाही होनी है। अभियुक्त पक्ष लगातार उन पर सुलह का दबाव बना रहा है ताकि वे गवाही न दे सकें। लवकुश यादव का आरोप है कि ग्राम प्रधान और एक व्यक्ति ने उन्हें धमकाते हुए समझौता करने को कहा। जब उन्होंने सुलह से इनकार कर दिया, तो ग्राम प्रधान ने अपनी फेसबुक आईडी से धमकी भरा पोस्ट करते हुए उन्हें जेल भिजवाने की बात कही। इसके बाद, एक व्यक्ति के माध्यम से उन्हें एक झूठे बलात्कार के मामले में फंसाने की साजिश रची जा रही है।

प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया है कि एक गांव के व्यक्ति की बेटी का गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध था। लगभग दो माह पूर्व उसने इसी कारण कुएं में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया था, जो पूरे गांव में चर्चा का विषय रहा है। लवकुश यादव के अनुसार, हत्या के मुकदमे में सुलह कराने के उद्देश्य से इस घटना को आधार बनाकर एक मनगढ़ंत कहानी तैयार कर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की जा रही है।

# अटल जी के विचार आज भी प्रासंगिक: विजय लक्ष्मी गौतम

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य स्मृति में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र इटवा के खुनियांव ब्लाक बाग में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन भावनात्मक, वैचारिक एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, भाजपा कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

सम्मेलन की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री (ग्राम विकास) श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, विशिष्ट अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री राजेश पाल चौधरी, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा तथा आयोजक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी रहे।

राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के ऐसे स्तंभ थे जिन्होंने सिद्धांत, संवेदनशीलता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। वे विचारों के राजनेता थे, जिनकी सोच आज भी देश का मार्गदर्शन कर रही है।

उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अटल जी के सपनों को आगे बढ़ाते हुए गांव, गरीब और किसान के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं।

श्रीमती गौतम ने ग्राम विकास योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल रही हैं। भाजपा क्षेत्रीय मंत्री राजेश पाल चौधरी ने कहा कि अटल जी की राजनीति संवाद और सहमति की राजनीति थी। वे विपक्ष का भी सम्मान करते थे, यही उनकी महानता थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की वैचारिक मजबूती में अटल जी का योगदान अतुलनीय है। आज पार्टी कार्यकर्ता जिस ऊर्जा और संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं, वह अटल जी के आदर्शों का परिणाम है।




कार्यक्रम के आयोजक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने भावुक शब्दों में कहा कि अटल जी मेरे लिए केवल नेता नहीं, बल्कि प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने हमें सिखाया कि सत्ता नहीं, सेवा ही राजनीति का मूल उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि अटल जी ने जिस भारत की कल्पना की थी, वह भारत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है।

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि इटवा और खुनियांव की धरती से अटल जी को स्मरण करना मेरा सौभाग्य है। हम सभी का दायित्व है कि उनकी राष्ट्रवादी सोच, सुशासन और समरसता के मूल्यों को आगे बढ़ाएं।

उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं और नागरिकों से आह्वान किया कि वे अटल जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँ और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि खुनियांव राजेन्द्र दूबे, चेयरमैन बिस्कोहर अजय गुप्ता, चेयरमैन इटवा विकास जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री कृष्णा मिश्र,जिला मिडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय,मण्डल अध्यक्षगण खुनियांव राजेश पाण्डेय, इटवा दीपनारायण त्रिपाठी, बेलवा रामसूरत चौरसिया, बिस्कोहर श्रवण गिरी, वरिष्ट नेता गण हरिशंकर सिंह, राजकिशोर यादव, बलराम मिश्रा, दलसिंगार दूबे, माया मिश्रा, शैलेश पाठक, रामशब्द उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में दिनांक 16 दिसंबर 2025 को यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 127 पर घटित दुर्घटना के दृष्टिगत जनपद में स्थित समस्त रोड़ ऑनिंग एजेंसियों को दुर्घटना रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि कोहरे को देखते हुए अत्यधिक दुर्घटना होने वाले मार्गों पर तत्काल डिवाइडर / पेड़ो पर रिफ्लेक्टर लगाये जाये तथा कैट आई भी लगायी जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एक्सप्रेस-वे एवं नेशनल हाईवे पर कोहरे के दृष्टिगत निरंतर अनाउंसमेंट करते रहे। कोहरे में धीमी गति से वाहन चलाने हेतु वाहन चालकों को जागरूक करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नियमित दूरी में साइन बोर्ड स्थापित करे, जिसमें सावधानी से चलने, मोबाइल का प्रयोग न करे, सीट बेल्ट लगाने, धीमी गति से चले, स्पीड लिमिट का पालन करने आदि हेतु दिशा सूचक चिन्ह लगाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिक कोहरे में 8 से 10 गाड़ियों को एक साथ चलने हेतु प्रोत्साहित करे।

जिलाधिकारी ने यीडा, परिवहन, एन०एच०ए०आई तथा पी०डब्लू०डी० के अधिकारियों को युमना एक्सप्रेस-वे पर स्थित राया कट पर इंटरलूप बनाये जाने तथा बिना किसी पूर्व जानकारी के कट बंद न करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा एन०एच०ए०आई० के अधिकारियों को एन०एच० 19 पर स्थित समस्त 19 ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये, जिसपर 15 एम०एम० की पट्टी तथा एल०ई०डी० संकेतक चिन्ह ब्लैक स्पॉट्स पर लगाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रंबल स्ट्रिप, रेडियम स्टीकर/ स्ट्रिप, स्पीड टेबल, कैट आई आदि का प्रयोग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एंबुलेंस, हॉस्पिटल की मैपिंग, कैशलैस चिकित्सा आदि हेतु कार्य सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गए कि माह जनवरी 2026 में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाना है, जिसमें प्रत्येक तहसील व ब्लॉक स्तर पर संबंधित उपजिलाधिकारी / क्षेत्राधिकारी / खंड विकास अधिकारी द्वारा अधिक से अधिक आमजनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आयोजन किया जाना है।

जिलाधिकारी ने वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों के वाहनों की फिटनेस समाप्त है, उन स्कूलो को 31.12.2025 तक अनिवार्य रूप से फिटनेस कराए तथा पालन न करने वाले के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो नजीर के युवा पुत्र का देहांत



**संतकबीरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मो नजीर के युवा पुत्र मो आरिफ(35) का हार्ट प्रॉब्लम की वजह से उपचार के दौरान देहांत हो गया सोमवार के दिन गांव स्थित कब्रिस्तान में बाद नमाज जनाजा सुपुर्द ए खाक किया गया। नमाज जनाजा में क्षेत्र के बहुत से लोगों ने भाग लिया। मो नजीर नेता के युवा पुत्र मो आरिफ के आकस्मिक निधन पर गांव और क्षेत्र में शोक व्याप्त है। क्षेत्र के हाजी मशहूर आलम चौधरी, मुनीरुल हसन चौधरी,मो अहमद,गौहर अली खान, शोएब अहमद नदवी जफीर अली करखी,एजाज अहमद,मो मोकरम,शमशेर अहमद, प्रिंसिपल मुजिबुल्लाह,फैजान अहमद, फुजेल अहमद नदवी,एजाज मुनीर,मो परवेज अख्तर, अतहर करखी, मौलाना मुनीर अहमद नदवी ,मौलाना गुफरान अहमद नदवी, वकील अहमद ,इशार अहमद,अरशद चौधरी मसरूर अहमद खान,मो अदनान ,मुनव्वर खान,मो आजम शोक व्यक्त किया।

# प्राकृतिक खेती अपनाने से आयेगी खुशहाली : डीडीए

संदीप तिवारी /वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** कृषि विभाग की ओर से चौबेपुर क्षेत्र के भंदहांकलां स्थित साधन सहकारी समिति पर संचालित किसान पाठशाला का सोमवार को जिला कृषि अधिकारी संग उप कृषि निदेशक ने निरीक्षण किया। किसान पाठशाला में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल ने कहा कि अंधाधुंध रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग अब खतरनाक मोड़ पर है,समय रहते यदि हम सावधान नहीं हुए तो हरित क्रांति से उपजी खुशहाली का रंग फीका पड़ जायेगा और फिर पछताने के सिवाय कुछ हाथ नहीं आयेगा।

उन्होंने कहा कि रसायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग से ही दूसरी हरित क्रांति संभव हो सकेगी।उन्होंने धरती मां की सुरक्षा के लिए गो आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी।जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह ने किसानों से उचित दर पर उर्वरकों के खरीदने की सलाह देते हुए कहा खाद की बोरी पर अंकित मूल्य से अधिक दर पर किसान उर्वरक न खरीदें।यदि कोई व्यापारी निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरकों की बिक्री कर रहा हो तो उन्हें सूचना दें ऐसे दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

उन्होंने किसानों से जागरूकता के साथ कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी।मास्टर ट्रेनर देवमणि त्रिपाठी ने किसानों को प्राकृतिक खेती,फार्मर रजिस्ट्री,पीएम प्रणाम योजना,कृषि उत्पादन में एफपीओ की भूमिका पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाकर विषमुक्त खाद्यान्न उत्पादन करने की अपील की।

इस दौरान समिति के सचिव चंद्र प्रकाश,महेंद्र यादव,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कैलाश यादव,चंद्रदेव यादव,प्रीतम सिंह,परमानंद सिंह सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### बड़ा रासमंडल में भक्तमाल कथा का भव्य शुभारंभ



**मथुरा/वृंदावन।** अखिल भारतीय श्रीपंच राधावल्लभीय निमोर्ही अखाड़ा (बड़ा रासमंडल) में रसिक संत वैद्यभूषण श्रीमहंत माखनचोर दास महाराज के 135वें जन्म महा-महोत्सव के पावन अवसर पर सोमवार से 'भक्तमाल कथा' का मंगलमय शुभारंभ हुआ। व्यासपीठ पर विराजमान महंत बिहारी दास भक्तमाली महाराज ने कथा के प्रथम दिवस की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भक्तमाल की कथा अत्यंत विलक्षण है। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा, ₹भक्तमाल कथा के वास्तविक श्रोता स्वयं ठाकुरजी (भगवान) होते हैं। वे बड़े ही चाव और आनंद के साथ अपने प्रिय भक्तों की दिव्य लीलाओं का श्रवण करते हैं।₹ भक्तमाली महाराज ने बताया कि जहाँ भक्तों के चरित्र का गान होता है, वहाँ भगवान अदृश्य रूप में उपस्थित रहकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हैं। हिताचार्य पीठ, श्रीजी मंदिर बाद ग्राम महंत दम्पति किशोर शरण महाराज ने कहा कि ?भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन बड़ा रासमंडल के श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज की पावन अध्यक्षता में चल रहा है, कथा के प्रथम दिन आध्यात्मिक वातावरण में बड़ी संख्या में साधु-संतों एवं भक्तों ने हिस्सा लिया है। भजन-संकीर्तन के साथ शुरू हुई कथा ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया है एवं गुरू महाराज के जन्म महा-महोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी दिनों में और भी विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

### जितेंद्र राजपूत ने आयरनमैन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता



**मथुरा/बरसाना।** बरसाना की पहचान भक्ति, परंपरा और संस्कारों से रही है, लेकिन अब इसी धरती से परिश्रम और अनुशासन की ऐसी मिसाल सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को गौरव से भर दिया। जीत फिटनेस बरसाना के संचालक जितेंद्र राजपूत ने आयरनमैन बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस प्रतियोगिता में मेन फिजिक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इस उपलब्धि के साथ बरसाना का नाम प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक गूंज उठा है। देशभर से आए मजबूत और अनुभवी खिलाड़ियों के बीच आयोजित आयरनमैन बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस प्रतियोगिता सीजन आठ का मुकाबला आसान नहीं था। मंच पर जब निर्णायक पल आया, तब जितेंद्र राजपूत का संतुलित शरीर, आत्मविश्वास और प्रस्तुति सबसे अलग नजर आई।

## सीबीगंज और परसाखेड़ा चौकी क्षेत्र में खुलेआम सट्टा-जुआ, वर्दी की भूमिका पर उठ रहे गंभीर सवाल

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र की काशीराम आवासीय कॉलोनी, पस्तौर और परसाखेड़ा चौकी क्षेत्र के बंडिया और खना गोटिया गांवों में सट्टा और जुए का अवैध कारोबार बेलगाम होता नजर आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक बंडिया और खना गोटिया गांवों के साथ काशीराम आवासीय कॉलोनी और पस्तौर में आसपास के गांवों से दिन-रात खुलेआम सट्टा और जुआ खेला जा रहा है, लेकिन पुलिस की ओर से अब तक इस अवैध कारोबार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस अवैध कारोबार को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि परसाखेड़ा चौकी पर तैनात सिपाही अरविंद और हरिओम का इन गांवों में लगातार आना-जाना लगा रहता है। लोगों का आरोप है कि लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार के बावजूद पुलिस की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। हैरानी की बात यह है कि जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर सख्ती के लिए एसएसपी अनुराग आर्य द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।

## नववर्ष पर हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई शराब व अवैध पार्टियों पर जीरो टॉलरेंस : डीआईजी

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़ मेरठ।** नववर्ष 2026 के अवसर पर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, हुड़दंग, अवैध पार्टियों, शराब के दुरुपयोग एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए डीआईजी मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने परिक्षेत्र के अंतर्गत सभी जनपद प्रभारियों को कड़े एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीआईजी ने स्पष्ट किया है कि नववर्ष के नाम पर किसी भी प्रकार की अराजकता, नियमविरुद्ध आयोजन अथवा कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डीआईजी द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार सभी थानों को नववर्ष 2026 के लिए ड्यूटी चार्ट तैयार कर पर्याप्त संख्या में नाइट ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख स्थलों पर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्वयं भ्रमण किया जाएगा और किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी।नववर्ष की आड़ में बिना लाइसेंस किसी भी पार्टी के आयोजन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। क्षेत्राधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी स्तर पर चौकी या थाना स्तर पर सांठगांठ कर अनाधिकृत पार्टियों का आयोजन या नियमविरुद्ध अनुमति जारी न हो। इसके लिए सभी थानों एवं चौकियों को भली-भांति ब्रीफ किया जाएगा।डीआईजी ने निर्देश दिए हैं कि जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों की प्रकृति व आयोजन के स्तर की समीक्षा के बाद ही अनुमति प्रदान की जाए।

आबकारी विभाग द्वारा जारी लाइसेंसों की अद्यतन सूची प्राप्त कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सूची से इतर कहीं भी शराब की बिक्री, भंडारण अथवा व्यवसायिक वितरण न हो।सोशल मीडिया के माध्यम से 247 निगरानी की जाएगी। किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्ट, अवैध पार्टी के प्रचार अथवा लाइव प्रसारण पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस को अलग से ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करने, प्रमुख मार्गों, चौराहों, तिराहों, कटों व पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त यातायात कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं।

नववर्ष की रात्रि में सभी थाना प्रभारी चेकिंग प्वाइंट चिन्हित कर सघन चेकिंग कराएंगे। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेटिंग, पैदल गश्त, पीआरवी एवं क्यूआरटी को पूर्ण रूप से सक्रिय रखा जाएगा।महिला सुरक्षा के दृष्टिगत नववर्ष कार्यक्रम स्थलों एवं मार्गों पर महिला पुलिस बल की तैनाती, पिकेट एवं पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। असामाजिक, अराजक व आतंकी तत्वों की संभावित गतिविधियों से निपटने के लिए पूर्व से ही कार्ययोजना (कंटिंजेंसी प्लान) तैयार करने को कहा गया है।सभी कार्यक्रम स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं आपातकालीन निकास की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट, क्लब, फार्म-हाउस, मैरिज हॉल एवं पंडालों की अग्रिम चेकिंग कर क्षमता से अधिक भीड़ एकत्र न होने देने के निर्देश भी दिए गए हैं। अग्नि सुरक्षा एवं इलेक्ट्रिकल सेफ्टी मानकों की जांच भी पूर्व में ही कराने

## प्रभु को नववर्ष का आमंत्रण लेकर पहुंचे श्री गिर्राज सेवा मित्र मंडल हाथरस के भक्त



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** गिरिराज तलहटी गोवर्धन में नववर्ष के उपलक्ष्य में जगह जगह पर धार्मिक आयोजन एवं छप्पन भोग भंडारे के कार्यक्रम चल रहे हे।हाथरस के श्री गिर्राज सेवा मित्र मंडल के भक्त पंडित आशीष शर्मा द्वारा गिरिराज तलहटी में बाईसवा भव्य दिव्य संकीर्तन परिक्रमा एवं छप्पन भोग का आयोजन बड़ी परिक्रमा में किया जा रहा है।इस आयोजन को लेकर पंडित आशीष शर्मा द्वारा प्रेसवार्ता कर आयोजन के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वह नववर्ष की शुरूआत अपने परिजनों मित्रो व साथियों के साथ गिरिराज जी के चरणों से करते हैं इस आयोजन को लेकर पंडित आशीष शर्मा एवं गुंजन शर्मा ने बताया कि प्रभु का शुद्ध घी से 56 भोग व्यंजन तैयार करने के लिए तमाम जगह के कारीगर आए हैं। 56 भोग से पूर्व 30 दिसम्बर, मंगलवार को सुबह 07:30 बजे दुग्धाभिषेक, बालभोग प्रसादी तथा 10 बजे दुग्धधार और कीर्तन परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। संध्या काल में महाआरती एवं भजनसंध्या का सभी भक्त आनंद उठाएंगे। 31 दिसम्बर बुधवार को प्रातः बेला में श्री गिरिराज महाराज का दुग्धाभिषेक के साथ पुष्प, कीर्तन परिक्रमा एवं संध्या काल में दिव्य छप्पनभोग, महाआरती के साथ महाप्रसादी का आयोजन होगा साथ ही भजनसंध्या के साथ दीपदान किया जाएगा। नववर्ष 1 जनवरी, गुरुवार को विशाल साधुसेवा का आयोजन होगा। श्री जी धाम आश्रम एवं श्री गिरिराज धाम गेस्ट हाउस, बड़ी परिक्रमा मार्ग में आयोजित कार्यक्रम में हाथरस सहित देश के विभिन्न प्रदेशों के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे।

# पंजाब पैंथर्स की शानदार जीत

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बरसाना।** स्थानीय खेल मैदान पर आयोजित 45वें बरसाना आमंत्रित क्रिकेट टूनामेंट का पांचवां लीग मैच पंजाब पैंथर्स और राजस्थान रॉयल्स 11 के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में पंजाब पैंथर्स ने राजस्थान रॉयल्स 11 को 6 विकेट से हराकर टूनामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।


टॉस जीतकर राजस्थान रॉयल्स 11 ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में 129 रनों पर सिमट गई। राजस्थान की ओर से सचिन कैथ ने 32 गेंदों में 36 रन (8 चौके) और दुर्गेश कुमार ने 24 गेंदों में 27 रन (1 छक्का, 4 चौके) का योगदान दिया। पंजाब की घातक गेंदबाजी के सामने राजस्थान का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

130 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब पैंथर्स की टीम ने शानदार शुरूआत की और आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। नमन चीना ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 34 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली, जिसमें उन्होंने 5 छक्के और 6 चौके जड़े।

मानकृत ढिल्लन ने अंत में विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए केवल 8 गेंदों में 28 रन (3 छक्के, 2 चौके) ठोक कर टीम को जीत की दहलीज पर पहुँचाया। पंजाब पैंथर्स की जीत के असली हीरो मानकृत ढिल्लन रहे। बल्लेबाजी में जौहर दिखाने से पहले उन्होंने गेंदबाजी में भी कहर बरपाया और 5 महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए। उनके इस शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से: चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी, कलुआ गौड़, रनवीर ठाकुर, संजय परमार, विजेंद्र परमार, चंदन फौजी मिल्खा सिंह आदि रहे।

## नगर निगम की जमीन पर कार बाजार का अवैध कारोबार आखिर किस की अनुमति से फल-फूल रहा

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** शहर भर में चारों ओर बड़े स्तर पर लोग अतिक्रमण कर अवैध कारोबार कर रहे हैं। शहर में सड़क पर कब्जा कर पचास से ज्यादा अवैध कार बाजार संचालित हो रहे हैं। जिसमे से ज्यादातर धंधेबाजों का न तो पंजीकरण है और, न ही उन्होंने कभी इसका कर (टैक्स) जमा किया है। यही नही सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और जमा रखा है। इन धंधेबाजों पर नगर निगम भी मेहरबान ही नजर आता दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि नगर निगम इनको लेकर कोई अभियान कभी नहीं चलाता। नगर निगम का अतिक्रमण अभियान सिर्फ ठेले और रेडियों वालों को हटाने तक ही सीमित रह गया है। आपको बता दें कि पीलीभीत बाइपास रोड पर ऐसी करीब 30 दुकानें हैं, जबकि शहर भर में पचास से अधिक दुकानें है। इन सभी ने अपनी अपनी दुकानों के आगे सरकारी जमीन पर कब्जा कर कारें खड़ी कर रखी हैं। ये पुरानी कारों को कमीशन पर बेचते हैं। वाहन स्वामी दुकानदारों के पास पहुंचकर अपनी कार खड़ी कर देता है। वह कार की कीमत बताता है। दुकानदार कीमत पर अपना कमीशन जोड़कर कार को दूसरे ग्राहक को बेच देते हैं। इसके बाद परिवहन विभाग में पकड़ रखने वाले बिचौलिये इन वाहनों का पंजीकरण दूसरे ग्राहक के नाम पर करा देते हैं। यह पूरा धंधा नगर निगम की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर चलाया जा रहा है। नगर निगम शहर भर में अतिक्रमण अभियान तो चलता है, लेकिन नगर निगम का अतिक्रमण अभियान सिर्फ और सिर्फ ठेले और फड़ वालों को हटाने तक ही सीमित रहता है।

# घनघनाते मेघ, गरजती बिजली और पूर्णिमा के चंद्रमा साक्षी बने दिव्य बैकुंठ लोक स्वरूप

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** नीला विस्तृत आकाश, घनघनाते मेघों की गर्जना, विद्युत की चमक, पूर्णिमा का आलोक बिखेरता चंद्रमा, गिरते झरनों की कल-कल ध्वनि और हरित श्रृंगार से सजी प्रकृति—इन सभी के मध्य जब स्वर्ण हंस रथ पर विराजमान, हीरे-जवाहरात जड़ित आभूषणों और दिव्य श्रृंगार से अलंकृत श्री गिरिराज महाराज श्रद्धालुओं के समक्ष प्रकट हुए, तो गोवर्धन धाम में उपस्थित हर नेत्र श्रद्धा से नम हो गया। ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं वैकुंठ लोक धरती पर अवतरित हो गया हो।

श्री गिरिराज जी सेवा मंडल, आगरा द्वारा श्री गुरु कार्ष्णि आश्रम, बड़ी परिक्रमा मार्ग, आन्योर, गोवर्धन में आयोजित श्री गिरिराज जी छप्पन भोग महोत्सव के द्वितीय दिवस भक्ति, सौंदर्य और दिव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिला। विशेष रूप से सजी बैकुंठ लोक स्वरूप सज्जा ने श्रद्धालुओं को अलौकिक अनुभूति से भर दिया। चलते हुए बादल, गर्जन करती बिजली, प्रकाश और ध्वनि के विशेष प्रभावों के साथ सजी इस झांकी ने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। स्वर्ण हंस रथ पर विराजित गिरिराज महाराज का श्रृंगार अत्यंत मनोहारी रहा। हीरे-जवाहरात जड़ित मुकुट, अलंकृत वस्त्र, पुष्पमालाएं और दिव्य आभूषण प्रभु की शोभा को और भी अनुपम बना रहे थे। झरनों के प्रतीकात्मक प्रवाह और हरित सज्जा के बीच प्रभु के दर्शन कर श्रद्धालु स्वयं को गौलोक की अनुभूति में डूबा हुआ महसूस करने लगे। ह्लजय गिरिराज महाराजह्व और ह्लगोविंद गोपाल की जयह्व के उद्घोषों से धाम गूंज उठा। बैकुंठ लोक स्वरूप दर्शन के उपरांत प्रभु को श्रद्धा पूर्वक छप्पन भोग रजत पात्रों में अर्पित किए गए। भोग अर्पण के पश्चात विधि-विधान से महाआरती अरविंद जी महाराज, हरिओम महाराज और संरक्षक महंत कपिल नागर के सानिध्य में संपन्न हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ सहभागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। श्री गिरिराज जी का पूजन संस्थापक नितेश अग्रवाल, सह संस्थापक मयंक अग्रवाल, संरक्षक रविन्द्र गोयल, अध्यक्ष अजय सिंघल, महामंत्री विजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल बंसल ने किया। इससे पूर्व 501 साधुओं की सेवा की गई जिसमें भोजन के साथ दैनिक जरूरत का सामान प्रदान किया गया।

द्वितीय दिवस का एक और प्रमुख आकर्षण रही महा प्रसादी सेवा, जिसमें हजारों भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रेम और समर्पण भाव से प्रभु प्रसाद ग्रहण किया। सेवा कार्य में सदस्यों की निष्ठा और समर्पण देखने योग्य रहा। श्रद्धालुओं ने महा प्रसादी को गिरिराज महाराज की प्रत्यक्ष कृपा मानकर श्रद्धा से स्वीकार किया।

इस अवसर पर संस्थापक नितेश अग्रवाल ने कहा कि बैकुंठ लोक स्वरूप के माध्यम से भक्तों को प्रभु के दिव्य धाम की अनुभूति कराना ही इस महोत्सव का उद्देश्य है। ठाकुर जी को 50 फुट ऊंचा और 30 फुट चौड़ा मंच पर स्वर्ण हंस रथ पर विराजित किया गया था। सह-संस्थापक मयंक अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन भक्ति के साथ-साथ सेवा और समर्पण का महापर्व है।

संरक्षक महंत कपिल नागर और रविंद्र गोयल ने कहा कि गिरिराज महाराज की सेवा स्वयं साधना है, जो भक्त को प्रभु के समीप ले जाती है। अध्यक्ष अजय सिंघल ने कहा कि द्वितीय दिवस की बैकुंठ लोक सज्जा ने पूरे महोत्सव को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। बैकुंठ लोक स्वरूप दर्शन, साधु सेवा, छप्पन भोग अर्पण और महा प्रसादी सेवा के बाद भजन संध्या हुई। ठाकुर जी को चांदी के पात्र में अमृतुल्य दुग्ध अर्पित किया गया और इसके बाद शयन आरती संग महोत्सव का समापन हुआ। आयोजन में महामंत्री विजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल बंसल, पुरुषोत्तम दास मित्तल, राजीव गोयल, चंद्र प्रकाश सोनी, राजेंद्र अग्रवाल खेरली वाले, बजरंग मित्तल, अतुल गोयल, नरेंद्र रामकिशन, अंकुर अग्रवाल, विकास वर्मा, पुनीत अग्रवाल, मयंक जैन, नीरज मित्तल, गिरीश खंदौली, कुलभूषण गुप्ता राम भाई, विकास गोयल, पंकज अग्रवाल, नीरज मित्तल, विकास जैन, संतोष मित्तल, बालमुकुंद, गौरव दीक्षित, रवि गोयल, आशी अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सीमा गोयल, शालू दीक्षित, प्रीति गोयल, पूजा बंसल, रुचि बंसल, कल्पना जैन, साक्षी जैन, ज्योति मित्तल, नंदिनी पाराशर, सीता अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## जिले में चल रहे 50 लाख से अधिक एवं 50 लाख से कम लागत के

# निर्माण कार्यों की सीडीओ ने अधिकारियों के साथ की बैठक

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में हो रहे 50 लाख से अधिक व 50 लाख से कम लागत के निर्माण कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में हो रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश।

जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया की 50 लाख से अधिक की परियोजना है, जिसमें राजकीय महिला महाविद्यालय धौलाना, गौ संरक्षण केंद्र धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर मे वृजघाट का निर्माण,आई टी आई की समीक्षा के दौरान आईटीआई को समय से पूरा कर संबंधित को जल्द से जल्द हस्तांतरित करने के निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की जनपद में जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यदाई संस्था से समन्वय बनाकर उसको समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किसी भी अधिकारी को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो हमें अवगत कराया जाए। इसके उपरांत उन्होंने 50 लाख से कम धनराशि वाली परियोजनाओं मे बाल विकास परियोजना कार्यालय गढ़मुक्तेस्वर, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कालेज तथा अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के अंत में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा मे विभाग की प्रगति खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होने प्रोजेक्ट वाइज समीक्षा के दौरान जिन विभागो की रैंक सी0 डी0 ई0 की श्रेणी में है उनको निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर फिडिंग का कार्य सही प्रकार से किया जाए जिससे जनपद की रैंक प्रभावित न हो।

आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व जिन विभागों की खराब रैंक प्राप्त हुई है उसमें सुधार किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का डाटा फीड करना सुनिश्चित करें ।

## खेत पर पॉपुलर के पेड़ लगाने को लेकर मारपीट महिला घायल

**कांधला।** देहात क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुग्ड्डा में खेत पर पॉपुलर के पेड़ लगाने को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई।मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल महिला ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद अपने जेठ के दो पुत्रों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुग्ड्डा निवासी महिला रुकैया पत्नी फारूक अपने पुत्र तौसीफ व पति सहित अपने खेत पर पॉपुलर के पेड़ लगा रही थी। तभी आरोप है कि उसके जेठ नौशाद सहित उसके पुत्र अफ्फान, व शाद भी मौके पर पहुंच गए और खेत की मेढ की बराबर मे पॉपुलर का पेड़ लगाने को लेकर गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि जब महिला व उसके पुत्र ने विरोध किया तो उसके जेठ के दोनों पुत्रों ने पीड़िता व उसके पुत्र के साथ डंडो से मारपीट करते हुए घायल कर दिया ।शौर-शराबा होने पर खेतों पर काम कर रहे अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

# नगर निगम के जलकल विभाग की लापरवाही से बह रहा अमूल्य पेयजल

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता





**बरेली।** नगर निगम के जलकल विभाग की घोर लापरवाही के चलते सीबीगंज क्षेत्र में पीने योग्य पानी नालियों में बह रहा है।इस समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से पाइपलाइन में लीकेज के कारण हजारों लीटर पानी व्यर्थ होता जा रहा है, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई करना तो दूर जिम्मेदार हमारी इस समस्या को लेकर फोन तक नही उठा रहे हैं।

वहीं जब इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय पार्षद रचित गुप्ता से मुलाकात की तो उन्होंने नगर निगम के जलकल विभाग में फोन कर अधिकारियों को इस समस्या से रूबरू कराया, लेकिन उनसे तकनीकी कर्मचारियों का कहना था कि उनके पास आवश्यक उपकरण नहीं हैं, जिससे मरम्मत कार्य में बाधा आ रही है।एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, कि ₹हम समस्या को ठीक करना चाहते हैं, लेकिन विभाग हमें जरूरी संसाधन ही नहीं देता।₹ स्थानीय लोगों में इस लापरवाही को लेकर आक्रोश है।

उन्होंने मांग की है कि नगर निगम जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करे और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। आपको बता दें कि सीबीगंज क्षेत्र के मुख्य मार्ग खलीलपुर रोड और स्लीपर रोड पर कई जगह ऐसी है जहां पर पाइपलाइन लीकेज है जिसकी वजह से घरों को सप्लाई होने वाले पेयजल की बबार्दी हो रही है वहीं स्थानीय स्तर पर छोटी बाजार नाम से एक स्थान है जो नगर निगम की ही बाजार है और इस बाजार का नगर निगम सालाना ठेके पर उठाती है, इसी बाजार में नगर निगम का पंपिंग सैट प्वाइंट भी लगा हुआ है, यहीं से से घरों के लिए पानी की सप्लाई की जाती है। बाजार सप्ताह में दो दिन लगा करती है। दोनों ही दिन पूरी बाजार पेयजल से सराबोर रहती है। अब देखना होगा कि नगर निगम के मेयर उमेश गौतम द्वारा किए गए लंबे-लंबे वादों को जमीनी स्तर पर अमली जामा नगर निगम का जलकल विभाग पहना पता है या नहीं।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोप, लगाई सुरक्षा की गुहार



**कांधला।** देहात क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक महिला ने अपने पुत्रवधू के भाई पर पीड़िता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है।और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सोमवार को देहात क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी महिला हनीफा पत्नी वकील ने बताया कि उसने अपने पुत्र आशु की शादी चार महा पूर्व शामली के मोहल्ला सरवर पीर निवासी युवती के साथ की थी। आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद से ही उसकी पुत्रवधू ने पीड़िता के पुत्र व उसके परिवार पर कई गंभीर आरोप लगाकर शामली के महिला थाने पर उनकी शिकायत की थी। शिकायत के बाद दोनों पक्षों का विगत 25 दिसंबर को महिला थाने पर समझौता हो गया था। आरोप है कि समझौता होने के बाद भी उसकी पुत्रवधू का भाई समीर पीड़िता व उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है।पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने महिला को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बाइक की टक्कर से बालिका घायल

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खैल में घर के बाहर खेल रही एक मासूम बालिका तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया।सोमवार को मोहल्ला खैल निवासी रहमान की 7 वर्षीय पुत्री राकीबा अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक तेज गति से आ रहा मोटरसाइकिल सवार अचानक वहां पहुंचा और बालिका को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।बालिका की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से घायल बच्ची को तुरंत कस्बे के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।बताया जा रहा है कि घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार युवक मौके से फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

## वर्तमान प्रधान का नाम ही वोटर लिस्ट ही कटा

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के गांव बजहरा में जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण वर्तमान ग्राम प्रधान सहित काफी संख्या में मत दाताओं के नाम वोटर लिस्ट से कटने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर उत्पन्न समस्या के समाधान की मांग की है। सेमरियावा ब्लाक की ग्राम पंचायत बजहरा में जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण वर्तमान ग्राम प्रधान सादिका खातून सहित 37 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कट गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इरशाद अहमद ने बताया कि ग्राम पंचायत बजहरा के राजस्व गांव कैथवलिया की आबादी 2011 की जनगणना में 509 थी वोटर लिस्ट में 363 वोटर थे अबकी बार 490 लगभग 127 वोटर बढे जो कि आबादी का 96% है। बजहरा की आबादी 2021 की जनगणना में कुल मतदाता थे 899 लेकिन 2025 की वोटर लिस्ट में घटकर 863 रह गई है वोट बढ़ने के बजाय 37 वोट घट गया है।

# एलम में विद्युत विभाग के विरोध में धरना सातवें दिन भी जारी, ठंड से दो लोग बीमार





वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में आबादी के बीच से हाईटेंशन विद्युत लाइन बिछाए जाने के विरोध में ग्रामीणों का धरना लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड के बीच चल रहे इस धरने में अब तक दो लोग बीमार पड़ चुके हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों का कहना है कि जब तक आबादी के ऊपर से लाइन हटाने का निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।करीब एक पखवाड़ा पूर्व मोहल्ला उत्तरी विकास नगर में विद्युत विभाग द्वारा आबादी के बीच से एचटी लाइन खींचने का कार्य शुरू किया गया था।इससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश फैल गया था। लोगों ने जिला प्रशासन और सदर विधायक से शिकायत करते हुए हादसों की आशंका जताई थी और लाइन को दूसरी जगह से ले जाने की मांग की थी।आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विद्युत विभाग ने कार्य बंद नहीं किया,जिसके बाद मोहल्ले के लोग भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। धरने को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने चेतावनी दी थी कि यदि आबादी के बीच से हाईटेंशन लाइन नहीं हटाई गई तो अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।धरने में ग्रामीण दिन-रात डटे हुए हैं। विगत रविवार को धरने पर बैठे ग्रामीण वीरसेन की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। वहीं सोमवार को धरने का समर्थन कर रहे 85 वर्षीय सुरेंद्र उर्प साधु सिंह भी ठंड की चपेट में आ गए, जिन्हें निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग को आगामी एक जनवरी तक का समय देते हुए समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। साथ ही आंदोलन की आगे की रणनीति तय करने के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। यह टीम धरने को लेकर आगे की कार्ययोजना तैयार कर रही है। सोमवार को धरने के सातवें दिन समर्थन कर रहे लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन व विद्युत विभाग की होगी।

## जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक आयोजित हुई




वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद की कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री अभिषेक पांडेय अधिकारी,पुलिस अधीक्षक कुवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें आबकारी विभाग, एनसीबी,एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, खाद्य सुरक्षा, औषधि विभाग, क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो आदि प्रमुख हैं।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने के लिए विभागों के बीच समन्वय बढ़ाना और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना था। बैठक में विभागों द्वारा गत माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित दवाइयो की फैक्ट्री व मेडिकल स्टोर पर निरंतर निरीक्षण करते हुए अधिकारी दवाइयो में नशीले पदार्थ की मिलावट को रोकने हेतु जांच करते रहें।

जिलाधिकारी ने औषधि विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा अगर कोई भी मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के पाया जाता है तो उसे तत्काल सील किया जाए तथा उस पर कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए ।

## अंकिता हत्याकांड के आरोपी का जन्मदिन सोशल मीडिया में मनाने पर कपकोट विधायक से कांग्रेसी नाराज

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** सोशल मीडिया में कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया द्वारा प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा दुष्यंत गौतम के जन्मदिन पर शोशल मीडिया में बधाई संदेश पर कांग्रेसी नेता बौखला गए। उन्होंने अंकिता हत्याकांड में आरोप लगने के बाद मामले में पूरे प्रदेश और देश भर में आरोपियों के खिलाफ विरोध होने के बाद भी भाजपा द्वारा आरोपित नेताओं पर कार्रवाई के बजाय संरक्षण देने, और अंकिता हत्याकांड के हत्यारों को पकडवाने हेतु मामले की सीबीआई जांच के बजाय आरोपित बीजेपी के वीआईपी नेता को जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने पर कांग्रेस ने तीखे तेवर अपनाते हुए अपना विरोध दर्ज किया है ।जिले में कांग्रेसी कार्यकताओं ने शोशल मीडिया में भाजपा प्रदेश प्रभारी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने वाले पोस्ट पर नाराजगी जताते हुए कपकोट विधायक का पुतला दहन किया ।नाराजगी जताते हुए उन्हें ऐसे नेताओं की हमदर्दी के बजाय अंकिता को न्याय दिलाने हेतु सरकार से मामले की सीबीआई जांच कराने की पहल करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि बेटियां असुरक्षित महसूस कर रही है ऐसे में विधायक को मानवीय पहल के आधार पर अंकिता हत्याकांड के खुलासे हेतु पहल करनी चाहिए ।कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि आरोपित नेताओं के बचाव में जिस तरह भाजपा खड़ी है इससे भाजपा की कथनी और करनी में स्पष्ट झलक देखने को मिल रही है।

## विद्यापथ फाउंडेशन ने गंगौली में जगाई शिक्षा,टॉपर को साइकिल से व 200 से अधिक मेधावी छात्र सम्मानित



**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के गंगौली में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित संस्था विद्यापथ फाउंडेशन द्वारा आयोजित ह्वविद्यापथ इंस्पायर एग्जामह्व का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी सदर अमित कुमार , एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. महेंद्र प्रताप जिला अस्पताल खलीलाबाद ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया और बताया कि ₹बच्चे अगर हीरे की तरह चमकेंगे, तो दुनिया उन्हें खुश तलाशेगी₹।

मेधा को मिला सम्मान परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को संस्था की ओर से साइकिल प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 300 से अधिक प्रतिभागियों को मेडल, ट्राफी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया।

स्वास्थ्य एवं पर्यावरण का सशक्त संदेश कार्यक्रम के दौरान डॉ. महेंद्र प्रताप ने बच्चों को बताया कि ₹स्वाद में संतुलन और स्वस्थ्य में अनुशासन ही जीवन का अमृत है ₹ । और उढफ एवं फर्स्ट एड के बारे में बता कर जीवन रक्षा के प्रति जागरूक किया।

# मेरा पेज, मेंरे नाम, रणनीति से जीतेंगे 2027 का रण : वीरपाल सिंह यादव

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** महानगर समाजवादी पार्टी के एस. आई. आर प्रक्रिया में जुटे कैंट विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) का आज आई. एम. ए हॉल में महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी द्वारा जनपद बरेली एवं पीलीभीत के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव, पूर्व राज्य सभा सांसद वीरपाल सिंह यादव की मौजूदगी ने कार्यकताओं को बूस्ट अप किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में जहाँ बूथ लेवल ऐजेटों को एस. आई. आर प्रकिया की बारीकी से जानकारी दी गई वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सभी को शाल पहना कर स्वागत भी किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वीरपाल सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा बूथ लेवल एजेंट कोई पद नहीं है बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है और जिम्मेदारी बहुत जिम्मेदार व्यक्ति को ही दी जाती है आप लोग वह कड़ी हो जिसके कंधो पर पार्टी को बूथ पर मजबूत करने की अहम जिम्मेदारी रहेगी, हम लोग अगर अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार लाना चाहते है तो आपको बहुत मजबूती के साथ बूथ पर डटना होगा, आपका सामना भाजपा जैसे बड़ी षड्यंत्र कारी पार्टी से होना है यह लोग जनता को धर्म की घुट्टी पिलाकर ठगने का काम किये हुए हैं।इनसे पार पाने के हमें ₹मेरा पेज मेंरे नाम ₹ रणनीति पर काम करना होगा, हमें इनके पन्ना सिस्टम को फेल करने के लिए अपने अपने बूथ के एक पेज की जिम्मेदारी लेकर बूथ जीतने के लिए काम करना होगा।

उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा हम सुबह घर से निकलते हैं और शाम को जब वापस आते हैं तो दिन भर में हजारों लोगो से राम - राम जय राम जी की करते हैं और इस तरह से दिन में हजारों बार राम का नाम निकलता हैं एक यह लोग हैं जो राम के नाम पर झूठी राजनीति करते हैं इनकी सुबह गुड मार्निंग से शुरू होती हैं और गुड नाईट पर रात, ये नकली हिंदू हैं। इसी कड़ी में महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने कहा संविधान को बचाने के लिए, रोजगार के लिए, प्रेम और सद्भाव के लिए हमें सपा की सरकार लाना है तो मजबूती से बूथ पर अपने वोटों को बचाने के लिए डटना होगा। उन्होंने कहा आप लोग हमारे संगठन की रीड की हड्डी हो, आप मजबूत होंगे तो बूथ पर हम सही प्रकार से प्रबंधन कर सकेंगे और सरकार बनाकर जनता के हित साध सकेंगे। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद, पूर्व शहर विधानसभा प्रत्याशी रहें राजेश अग्रवाल, इंजिनियर अनीस अहमद, संजीव सक्सेना, डॉक्टर अनीस बेग, समर्थ मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा, पार्षद गौरव सक्सेना ने भी कार्यक्रम को प्रमुख रूप से सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में महासचिव पंडित दीपक शर्मा, जोन प्रभारी राजेश मौर्या, जोन प्रभारी दिनेश यादव, जोन प्रभारी समयुन खान, जोन प्रभारी राम प्रकाश यादव, जोन प्रभारी मो. वसीम एड. पार्षद दल नेता गौरव सक्सेना, कैंट विधानसभा अध्यक्ष हरिओम प्रजापति, पार्षद मो. आरिफ कुरैशी, शेर सिंह गंगवार, पार्षद सनी मिर्जा, पार्षद मो. शाकिर, अनुज गंगवार, नाजिम कुरैशी, मेराज अंसारी, सचिन आंनद, अविनाश मिश्रा, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष सरताज गजल अंसारी, महिला सभा की महासचिव एडवोकेट हुरिया रहमान, अल्पसंख्यक सभा के महानगर अध्यक्ष मोहसिन खान, एस. सी. एस. टी प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष सुनील सागर, सय्यद फरहान, पूर्व पार्षद मुशर्रफ अंसारी, अकलीम बेग, अमित गिहार, मोहित यादव, अनुज आनंद वाल्मीकि, बृजेश यादव, ताज खान, धीरज यादव हैप्पी, सुनील यादव, मोहनिश अंसारी, मुकेश मिश्रा, इश्तियाक सकलेनी, नीरज सैनी, रोहित राजपूत, महिंद्रा विक्रम, कुलदीप राणा, आफताब आलम, महेश यादव, दीपक वाल्मीकि, ऋषि यादव, दिलीप वर्मा, नवीन कश्यप, हिमांशु राज सोनकर, रेहान अंसारी, अकरम खान, शबाना आज, मैना बी, शहनाज, कमर खान, इसराफिल खान, रणवीर सिंह जाटव, मौलाना अनीस, हाजी शकील, सुनील मिश्रा, हरिओम शर्मा, समोद उपाध्याय, देव आनंद शर्मा, अनुज प्रताप सिंह, आशू खान, डॉक्टर चाँद, नरेश विश्वकर्मा, रविन्द्र टंडन आदि प्रमुख नेता गण प्रशिक्षण शिविर में प्रमुखता से मौजूद रहें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरपाल सिंह यादव व महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी का बडी पुष्प माला पहना कर व पगड़ी एवं शाल पहना कर पार्टी नेताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# श्री राम नाम सत्संग सेवा द्वारा सत्संग वार्षिक उत्सव व संत समागम का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास द्वारा रविवार सत्संग वार्षिक उत्सव व संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें संतों ने गौ रक्षा, गौ हत्या बंद करो तथा सनातनी संस्कारों को लेकर अपना प्रवचन कर अपना आशीर्वाद दिया।श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास मोदीनगर से जुड़े भक्त जनों ने बताया कि रविवार को सत्संग वार्षिक उत्सव व संत समागम का आयोजन फार्म में आयोजित किया गया।सत्संग वार्षिक उत्सव व संत समागम में परम सानिध्य गुरूदेव परम पूज्य पं० अशोक शास्त्री जी संस्थापक व संरक्षक श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास,श्री श्री गौप्रतिष्ठानंद जी महाराज राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय सर्वदलीय गौरक्षा महाअभियान समिति दिल्ली व श्री श्रीमद् भक्ति भूषण गोविन्द महाराज श्री शुक्र-तीर्थ गौड़ीय मठ पीठाधीश्वर श्री त्रिदण्डी स्वामी सदस्य-विश्व वैष्णव राजसभा अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में संतों का आगमन ढोल नगाड़े वे शंख ध्वनि के साथ पुष्प वर्षा कर किया गया संतो को सिंहासन पर विराजित करने के बाद शहर के गणमान्य व श्री राम नाम सत्संग सेवन न्यास के सेवा द्वारा अंग वस्त्र पका फूल मालाओं व अन्य सामग्रियों से संतों का स्वागत सत्कार किया गया। न्यास कमेटी की ओर से देवेंद्र गर्ग राजू ठेकेदार पंकज अग्रवाल प्रदीप वार्ष्णेय कुणाल अग्रवाल दीपक दारुका हिमांशु गुप्ता नीरज गुप्ता विशाल गुप्ता धर्मेंद्र भाटी शेखर पंत विजय गोयल अक्षय शर्मा हिमांशु राठी विमल कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रिन्स कंसल व पराग जैन ने संयुक्त रूप से किया। इस धार्मिक कार्यक्रम में सीकरी तीर्थ के महंत देवेंद्र शास्त्री गुरु माता संतोष शर्मा मालती कंसल रीता वार्ष्णेय निधी शर्मा मोनिका अग्रवाल शालिनी गुप्ता नताशा गोयल प्रार्थना गर्ग अंजना अग्रवाल दिशा कंसल ज्योति जैन मधु शर्मा संगीता दारुका रश्मि गुप्ता पिंकी गर्ग विधायक डॉ मंजू शिवाच वैश्य कुटुंब अध्यक्ष वर्षा गुप्ता प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ पूनम गर्ग व्यापारी नेता डॉ पवन सिंहल महेश तायल वैश्य नेता मुन्नू अग्रवाल सुशील बिन्दल वीरेन्द जैन बिजेन्दर कंसल श्रीचंद गुप्ता दिनेश अग्रवाल सतीश गर्ग नवीन जयसवाल पियूष गुप्ता सतीश सिंहल प्रमोद कंसल मुकुल गर्ग राजकुमार कंसल गौरव अग्रवाल मोहित गुप्ता मनोज गुप्ता सुरेश केडिया अनिल गोयल सहित सैंकड़ो धर्मप्रेमी शामिल हुए।

# बिजली बिल राहत योजना के अन्तिम 02 दिवस शेष में अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान करें-महेश उपाध्याय

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, गाजियाबाद महेश उपाध्याय ने उपभोक्ताओं से अनुरोध है किया कि बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का 31.12.2025 को प्रथम चरण अग्रिम 02 दिवसों में समाप्त हो रहा है। जिसके उपरान्त उपभोक्ता द्वारा उक्त योजना का सम्पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं किया जा सकता। अतः उक्त के दृष्टिगत समस्त सम्मानित उपभोक्ता अग्रिम 02 कार्य दिवसों में उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर, अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान करने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का समापन होने के उपरान्त विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही किये जाने की बाध्यता होगी। उक्त योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर में 5701 नं० उपभोक्ताओं में से तद्दिनांक तक 1052 नं० उपभोक्ताओं द्वारा धनराशि रू0 01.10 करोड़ एवं विद्युत वितरण खण्ड, मुरादनगर के अन्तर्गत 8016 नं० उपभोक्ताओं में से 2581 नं० उपभोक्ताओं द्वारा धनराशि रू० 03.05 लाख का योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर, भुगतान किया है।साथ ही साथ यहां यह भी सूचनीय है कि उक्त योजना के अन्तर्गत विद्युत चोरी के प्रकरणों में भी राजस्व निर्धारण में 50 प्रतिशत छूट का प्रावधान दिया गया है। साथ ही तदिद्नांक तक विद्युत वितरण खण्ड, मुरादनगर के अन्तर्गत 2647 नं0 उपभोक्ताओं में से 465 नं० उपभोक्ताओं द्वारा धनराशि रू0 64 लाख एवं विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत 1433 नं० उपभोक्ताओं में से 207 नं० उपभोक्ताओं द्वारा धनराशि रू 32 लाख के राजस्व निर्धारण का योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर, भुगतान किया है।

# समाजसेविका स्वर्गीय रेशम देवी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** वरिष्ठ पत्रकार बिजेंद्र भारती की माता स्वर्गीय रेशम देवी, धर्मपत्नी स्वर्गीय तेजपाल सिंह, की श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने स्वर्गीय रेशम देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच, नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, वरिष्ठ रालोद नेता दीपक चौधरी, वरिष्ठ बसपा नेता मोहित जाटव, बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद जाटव, दिग्विजय सिंह देशवाल, जिला पंचायत सदस्य अनिल गौतम, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी पंकज भारद्वाज, योगेश फफराना, इस्लामुद्दीन, पदम सिंह, नितिन धामा, संजय गुप्ता, सभासद बबलू कौशिक, गुलाब सिंह, सोनू कुमार, धर्मवीर मास्टर, जितेंद्र तेवतिया, बबलू वशिष्ठ, कांग्रेस नेता मिंटू नेहरा, छात्र नेता नरेंद्र कुमार गौरव गढ़ी पंकज चौधरी दीपक नेहरा मनोज गुर्जर दोसा हरि ओम नितिन धामा कपिल फफराना, सहित अनेकों लोग मौजूद रहे। वहीं, पत्रकार साथियों ने भी स्वर्गीय रेशम देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में अनुज चौधरी, शक्ति सिंह, रोहित सिंह राजावत, मनोज कुमार, जितेंद्र गौतम, सचिन कुमार, मयंक गौड़, संजीव शर्मा, अनिल, वशिष्ठ राकेश, शर्मा नीरज गुप्ता, अयूब खान, योगेश गुप्ता, अनवर खान, राशीद अली, राशू मलिक, प्रशांत नेहरा बिट्टू पंडित, अश्वनी त्यागी, विकास वर्मा, सुनील गौतम अरुण चंद्रा सुनील शर्मा रवि दत्त, सहित अनेक मीडिया कर्मी शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय रेशम देवी के सरल स्वभाव और पारिवारिक मूल्यों को याद करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# पत्रकारों को सुरक्षा एवं न्यूनतम मासिक मानदेय व अन्य सुविधाएं दी जाए- ईश्वर चंद्र

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** निर्माण फाउंडेशन के राष्ट्रीय संस्थापक ईश्वर चंद्र ने प्रधानमंत्री, नीति आयोग व मंत्रालयों को राष्ट्रीय मांग पत्र लिखकर पत्रकारों की सुरक्षा एवं पत्रकारों के लिए न्यूनतम मासिक मानदेय व अन्य सुविधाएं दिए जाने की मांग की है।ईश्वर चंद्र ने मांग पत्र में कहा है कि देश का चौथा स्तंभ कहलाने वाला पत्रकार आज बिना वेतन काम कर रहा है। बिना सुरक्षा मैदान में उतर रहा है। बिना बीमा जान जोखिम में डाल रहा है। और मरने के बाद भी उसका परिवार बेसहारा रह जाता है। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना है। निर्वाण फाउंडेशन ने कहा है कि अब केवल आश्वासन नहीं, निर्णय चाहिए। सभी पत्रकारों के लिए न्यूनतम मासिक मानदेय कानूनन तय हो। 25 लाख का जीवन व दुर्घटना बीमा तत्काल लागू हो। राष्ट्रीय पत्रकार संरक्षण कानून बिना विलंब लाया जाए। शहीद/घायल पत्रकारों के परिजनों को स्थायी पेंशन व नौकरी मिले। स्वास्थ्य, पेंशन, पी एफ , आवास व शिक्षा अधिकार के रूप में दिए जाएँ। डिजिटल व फ्रीलांस पत्रकारों को भी पूर्ण मान्यता व संरक्षण मिले। निर्वाण फाउंडेशन ने कहा है कि हिन्दू नव वर्ष 1 अप्रैल 2026 को यदि सरकार पत्रकारों के लिए मानदेय, सामाजिक सुरक्षा व कल्याण योजनाओं की ऐतिहासिक घोषणा राष्ट्रीय उपहार के रूप में नहीं करती तो यह माना जाएगा कि सरकार चौथे स्तंभ को केवल भाषणों में मानती है, व्यवहार में नहीं।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ब्लॉक संसाधन केंद्र भोजपुर पर हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी आंगनवाड़ियों से आंगन कत्री तथा समस्त परिषद विद्यालयों से कक्षा एक पढ़ने वाले नोडल शिक्षक, शिक्षक संकुल, ईसीसी एजुकेटर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी भोजपुर तथा सीडीपीओ द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया तत्पश्चात सरस्वती वंदना हुई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुराधा मित्तल द्वारा हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। एआरपी रीना पाठक द्वारा बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया तथा कार्यक्रम के तीन मुख्य लक्ष्यो पर प्रकाश डाला। एआरपी प्रमोद ने नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से चर्चा की। अनिल पांडे ने बच्चों के बारे में कहा इनको ऐसे सहेज कर रखे जैसे ही हमारे घर में ही है। योगेंद्र ने आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालय को कड़ी बताया। अंत में सभी निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वंदना शर्मा सुचिता, आरती, अनुराधा गजेंद्र आदि का सहयोग रहा।

# नेशनल गेम चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल प्राप्त किए

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद ,( अनिल वशिष्ठ )।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली 26 दिसंबर से 28 दिसंबर में होने वाली एस.बी.के.एफ 13वीं नेशनल गेम चैंपियनशिप 2025 में उत्तर प्रदेश से खेलते हुए 200 मीटर दौड 32 सेकेंड में गोल्ड मेडल और 100 मीटर मे दौड़ 14 सेकेंड में दौड़कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अजय प्रमुख ने इससे पहले भी उत्तर प्रदेश स्टेट चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल एक ब्रॉन्ज मेडल, दिल्ली स्टेट मास्टर चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल और 23 वीं एशिया मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 2025 में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में भाग लिया। अजय प्रमुख मास्टर डिस्ट्रिक्ट एथलीट एसोसिएशन गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष भी है, और शूटिंग बॉल एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भी हैं, वह एक व्यवसायी होने के साथ-साथ राष्ट्रीय लोकदल की राजनीति में ब्लॉक प्रमुख और गाजियाबाद जिले के राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोकदल के विधानसभा प्रत्याशी भी रह चुके हैं।

# शहादत सप्ताह सेवा अभियान श्रद्धा, सेवा और संकल्प के साथ हुआ भव्य समापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** प्रमुख सामाजिक संस्था निष्काम सेवक जत्था समिति द्वारा चार साहिबजादों की महान शहादत को समर्पित शहादत सप्ताह सेवा का आयोजन 20 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक निष्काम भवन में किया गया। जिसका भावपूर्ण एवं सफल समापन हुआ। शहादत सप्ताह के दौरान प्रतिदिन सुबह/शाम जरूरतमंदों को निष्काम भवन में आमंत्रित कर गर्म वस्त्र, बिस्तर, रजाई, कंबल, जूते आदि का वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में पंहुचनें वाले महिला पुरूष, बच्चों एवं बुजुर्गों को निष्काम भवन में बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह के इतिहास से रूबरू कराया गया। साथ ही कड़ाके की ठंड को देखते हुए निष्काम समिति द्वारा प्रतिदिन अर्धरात्रि में सार्वजनिक स्थानों पर कंबलों का वितरण कर बेसहारा लोगों को राहत पहुँचाई गई। समिति के मुख्य संरक्षक चाननलाल ढींगरा, संरक्षक दिलीप शर्मा, धीरज कालरा ने कहा कि चार साहिबजादों का बलिदान मानवता और धर्म की रक्षा का शाश्वत संदेश देता है। इसके अतिरिक्त छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की पावन स्मृति में मोदीनगर के सभी प्रमुख अस्पतालों में जाकर निष्काम सदस्यों नें रोगियों से भेंट की तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए दूध का प्रसाद वितरित किया तथा सभी रोगियो? को चार साहिबजादों की शहादत से रूबरू कराया। समिति के अध्यक्ष जसमीत सिंह ने बताया कि शहादत सप्ताह को केवल स्मरण तक सीमित न रखते हुए दूरगामी प्रभाव वाली सेवा का माध्यम बनाना ही समिति का उद्देश्य था। इसी भावना के अंतर्गत समिति ने अपना पूरा ध्यान जरूरतमंद परिवारों की मदद एवं रोगियों के स्वास्थ्य की दुआओं पर केंद्रित रखा। इस पुरे आठ दिवसीय सेवा अभियान को सफल बनाने में जसमीत सिंह, अनुप्रीत कौर, मनदीप कौर, रूचि विज, साक्षी खुराना, एकता सचदेवा, हरसिमर सिंह, ट्विंकल बत्रा, राहुल बाबा सहित टीम निष्काम का सराहनीय योगदान रहा।

## कांग्रेस नेता ने मतदाताओं की वोट समस्याओं को लेकर एसडीएम से की शिकायत

बुलंदशहर सोमवार को नगर अनूपशहर के अंतर्गत वार्ड संख्या 8 मौहल्ला मोरी गेट में चुनाव आयोग द्वारा कराए गए एसआईआर में आम गरीब मजलूम को मत के अधिकार से वंचित करने के लिए एसआईआर में छूट नई मतदाताओं की शिकायत पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबलू कुरैशी के साथ उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसआईआर में जमा हुए फॉर्म की जानकारी लेते हुए नई मतदाताओं के 6 नंबर फॉर्म ना भरे जाने व वोट ना बनाई जानी पर कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने नाराजगी प्रकट करते हुए उपजिला अधिकारी अनूपशहर प्रियंका गोयल से शिकायत कर शीघ्र सभी के 6 नंबर फार्म भरवा कर वोट बनवाने का आश्वासन दिया तथा भाजपा को चुनाव आयोग के सहारे से चुनाव जीतने का आरोप लगाते हुए संविधान में दी गई मत के अधिकार को समाप्त करने की साजिश करने का आरोप लगाया है।

# 50 लाख से अधिक व कम लागत के निर्माण कार्यों की सीडीओ ने की समीक्षा, गुणवत्ता व समयबद्धता पर दिया जोर

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ




**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक एवं 50 लाख से कम लागत के निर्माण कार्यों तथा सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता पर विस्तार से चर्चा की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्थाएं आपसी समन्वय बनाकर निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी अधिकारी या विभाग को कार्य में कोई समस्या आ रही है तो तत्काल अवगत कराया जाए।जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी द्वारा बताया गया कि 50 लाख से अधिक लागत की प्रमुख परियोजनाओं में राजकीय महिला महाविद्यालय धौलाना, गौ संरक्षण केंद्र धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर में बृजघाट का निर्माण तथा आईटीआई से संबंधित कार्य शामिल हैं। आईटीआई की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने निर्देश दिए कि कार्य को शीघ्र पूर्ण कर समय से संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जाए।इसके उपरांत 50 लाख से कम धनराशि वाली परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें बाल विकास परियोजना कार्यालय गढ़मुक्तेश्वर, प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज सहित अन्य योजनाएं शामिल रहीं। सीडीओ ने सभी अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप प्रभावी रणनीति बनाकर कार्यों को मानक एवं गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक के अंत में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान खराब रैंक प्राप्त करने वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त की गई।

# एनकॉर्ड बैठक में नशे के अवैध कारोबार पर सख्ती के निर्देश

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ




**हापुड़।** हापुड़ के तत्वावधान में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारीअभिषेक पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक कुवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर (ठउडफऊ) समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारियों सहित आबकारी विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (ठउइ), एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, खाद्य सुरक्षा विभाग, औषधि विभाग, क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विभागीय समन्वय को मजबूत करना रहा। इस दौरान गत माह में विभागों द्वारा की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की गई तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित दवा फैक्ट्रियों एवं मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा दवाइयों में किसी भी प्रकार की नशीली सामग्री की मिलावट को रोकने के लिए सतत जांच सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने औषधि विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बिना लाइसेंस संचालित किसी भी मेडिकल स्टोर को तत्काल सील करते हुए कठोर कार्रवाई की जाए।वहीं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि ड्रग्स के अवैध व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और ऐसे मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# उत्तर प्रदेश से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स यात्रा का मंत्री सुनील शर्मा ने किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। राज्य के माननीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुशील कुमार शर्मा ने इलेक्ट्रॉनिका इंडिया और प्रोडक्ट्रोनिका इंडिया 2026 से पहले देशव्यापी इंडस्ट्री एवं बायर आउटरीच अभियान भारत इलेक्ट्रॉनिक्स यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह अभियान मेसे मुंशेन इंडिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और क्षेत्रीय उद्योगों की भागीदारी को मजबूत करना है। यह पहल राज्य सरकार की प्रगतिशील नीतियों, मजबूत बुनियादी ढांचे और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स के माध्यम से संपूर्ण वैल्यू चेन में निवेश आकर्षित करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा में 8 से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले इलेक्ट्रॉनिका इंडिया और प्रोडक्ट्रोनिका इंडिया के अगले संस्करण की मेजबानी उत्तर प्रदेश करेगा। इस आयोजन को उद्योग से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और अब तक 300 से अधिक एग्ज़िबिटर अपनी भागीदारी की पुष्टि कर चुके हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स यात्रा को एक प्रभावी इंडस्ट्री आउटरीच प्रोग्राम के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसके तहत ओईएम, ईएमएस कंपनियों, सिस्टम इंटीग्रेटर्स और प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स खरीदारों के क्लस्टर्स से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। उत्तर भारत से शुरू होकर यह अभियान पश्चिम और दक्षिण भारत तक जाएगा, जबकि इसका समापन सितंबर 2026 में बेंगलुरु में होगा। मंत्री सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश भविष्य के लिए तैयार इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे मंच निवेश बढ़ाने व औद्योगिक क्षमताओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर कटएअ के प्रेसिडेंट और मेसे मुंशेन इंडिया के सीईओ भूपिंदर सिंह, एछउकठअ के सेक्रेटरी जनरल राजू गोयल तथा कउएअ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेश शर्मा ने भी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स यात्रा को समयानुकूल और उद्योग के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस यात्रा में प्रमुख औद्योगिक भागीदारों के रूप में पैनासोनिक और मैक्सिम इंटीग्रेटेड सहयोग कर रहे हैं, जो खरीदारों और सप्लायरों के बीच मजबूत संपर्क स्थापित करने में मदद करेंगे।

मजबूत सरकारी समर्थन, औद्योगिक संगठनों की भागीदारी और एग्ज़िबिटर्स की व्यापक उपस्थिति के साथ इलेक्ट्रॉनिका इंडिया और प्रोडक्ट्रोनिका इंडिया 2026, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

### राकेश टिकैत ने बिल्डर कंपनियों को दी चेतावनी

# किसानों के समर्थन में बड़ा आंदोलन की तैयारी, नव सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबादः** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सोमवार को वेव सिटी स्थित एन आर ग्रांड में आयोजित संगठन विस्तार कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने किसानों की जमीन और अधिकारों के खिलाफ हो रहे शोषण पर गहरी चिंता व्यक्त की और बिल्डर कंपनियों को चेतावनी दी कि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान करें, अन्यथा किसान बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। चौधरी टिकैत ने कहा कि कंपनियों के माध्यम से किसानों का शोषण किया जा रहा है और यह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन ही किसानों का सबसे प्रभावी हथियार है और केवल संघर्ष के माध्यम से ही किसान अपनी जमीन और अधिकार सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने प्रशासन और बिल्डर दोनों को चेतावनी दी कि किसान को कमजोर समझने की भूल न करें। इस अवसर पर भाकियू के जिला प्रभारी जयकुमार मालिक ने कहा कि अब किसान शांत नहीं बैठेगा और कंपनी से आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने बिल्डर कंपनियों को चेतावनी दी कि किसानों की समस्याओं का समाधान तत्काल करें, वरना आंदोलन अपरिहार्य है। कार्यक्रम के दौरान राकेश टिकैत ने नवतेज चौधरी समेत सैकड़ों युवाओं को भाकियू की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने सभी सदस्यों से मेहनत और ईमानदारी के साथ किसान और मजदूरों की लड़ाई लड ? का आह्वान किया। भाकियू के इस संगठन विस्तार कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव चौधरी ओमपाल सिंह, जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, रामअतार त्यागी, जिला प्रभारी जयकुमार मालिक, युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी, विनीत चौधरी, सतेंद्र तेवतिया, सचिन तेवतिया, मौजीराम, महेश यादव, यशवीर चौधरी, पवन चौधरी, ब्रह्मपाल चौधरी, मुस्तफा (भोजपुर), राजेंद्र चौधरी, अभिषेक चौधरी, विकास सहित अन्य भाकियू पदाधिकारी और दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह योजना में अब एक शादी पर खर्च होंगे एक लाख रुपये, आवेदन शुरू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजना में इस वर्ष कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को लाभ मिल सके। योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इच्छुक लाभार्थी 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

यह जानकारी समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने दी। संदीप चौधरी ने बताया कि सामूहिक विवाह योजना सभी वर्गों के लोगों के लिए लागू है और इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता करना है। उन्होंने कहा कि जहां पहले सरकार द्वारा प्रति विवाह 51 हजार रुपये की धनराशि खर्च की जाती थी, वहीं अब इसे बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे विवाह आयोजन और कन्या को मिलने वाली सहायता और सशक्त हो सके।

अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत अब 60 हजार रुपये सीधे कन्या के बैंक खाते में डाले जाएंगे, जिससे वह अपने भविष्य की आवश्यकताओं के लिए इस राशि का उपयोग कर सके। इसके साथ ही कन्या के वस्त्र, आभूषण और उपहारों पर 25 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। विवाह आयोजन की व्यवस्थाओं पर 15 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

# इंटरपनेउर लाइव इंटरेकशन कार्यक्रम आयोजित हुआ

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** आज राजकिय सर्वोदय (रानी दुर्गावती) दिल्ली सरकारी विद्यालय द्वारा NEEEV (New E of Eftreprefeuri' EcosysteZ & Visiof) कार्येक्रम में मुझे इंटरपनेउर लाइव इंटरेकशन करने का मौका मिला। यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार द्वारा सभी सरकारी स्कूलों में 8वी से 12वी कक्षा के छात्र और छात्राओं को उद्यमीता से जोड़ने हेतु चलाया जा रहा है साथ ही दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चे अब अपना खुद का स्टार्टअप आइडिया बनाकर उसे प्रेजेंट कर सकेंगे, साथ ही सरकार से 20 हजार रुपये की फंडिंग भी पा सकेंगे। दिल्ली सरकार ने यह एक ऐसी योजना शुरू की है, जो क्लासरूम को इनोवेशन हब और बच्चों को नौकरी ढूंढने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने जा रही है. इस कार्यक्रम द्वारा 11वी और बाहरवी के छात्र और छात्राओ के 5 सदस्य ग्रुप को अच्छे उद्यम आईडिया के चयन होने के बाद प्रति ग्रुप को 20000 रुपए दिए जायेंगे है, जिसमे उन्हें अपना एक ग्रुप बना कर सामान बनाया अथवा बेच कर धन कमाने का प्रयास करना है। यह इन्टरपेनयर लाइव इंटरेक्शन कार्येक्रम का ही दूसरा बदला स्वरूप है जो इस बार नीव कार्येक्रम के रूप में आया है। शैली जी दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूलों में वर्ष 2019 से अपना योगदान दे रही है एवं 2019 से 2025 तक प्रति वर्ष दिल्ली के सरकारी स्कूलो में जा कर हजारो विधार्थियों को उद्यमीता कार्येक्रम से जोड चुकी है एवं प्रति वर्ष दिल्ली के अनेको सरकारी स्कूलो द्वारा 2019 से अब तक इस प्रयास द्वारा हजारो विद्यार्थियों को उद्यमीता से जोड़ चुकी है जिस में प्रति वर्ष 11 और 12 कक्षा के छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र - छात्रा को उद्यमीता हेतु 2000 रूपय धन राशी मिलती आई ,पर अब इसमें बदलाव के रूप में स्कूल के बच्चो को ग्रुप का चयन होने पर 20000 रुपए की धन राशि मिलेगी। जैसे की यह योजना केवल दिल्ली सरकारी स्कूलो में लागू है जिसमे सभी सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु इस प्रयास में स्कूल का बढ़ चढ़ कर योगदान रहता है इसका मकसद स्कूल के बच्चों को नया सोचना, समस्याओं को सुलझाना और अपने पैरों पर खड़े होना सिखाना है, यह योजना अभी चल रहे स्कूल सत्र में 8वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए लागू होगी। यह सिर्फ किताबी पढ़ाई तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि बच्चों को असल में बिजनेस करना सिखाएगी। छात्र छात्राओ के साथ विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकायें एवं प्राधानाचार्य भी इस कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग देते हैं प्रधानाचार्य एवं अन्य अध्यापिकाओं के साथ बहुत अच्छा अनुभव रहा।

## फर्जी पैन कार्ड से एसबीआई में 20.45 लाख का लोन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में फर्जी पैन कार्ड के जरिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की वसुंधरा सेक्टर-15 शाखा से 20.45 लाख रुपये का लोन लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक ज्योति सिंह की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजेंद्र पाल के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाखा प्रबंधक ज्योति सिंह ने दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि अगस्त 2023 में एसबीआई वसुंधरा सेक्टर-15 ब्रांच द्वारा राजेंद्र पाल के नाम पर 20.45 लाख रुपये का लोन स्वीकृत किया गया था। लोन स्वीकृत होने के बाद कुछ समय तक किस्तें जमा नहीं की गईं, जिससे खाता संदिग्ध श्रेणी में आ गया। लगातार किस्तें जमा न होने पर बैंक प्रबंधन ने मामले की गहन जांच कराई। इसके लिए टी-बोर्ड इंडिया से दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में पाया गया कि लोन स्वीकृत करते समय जो पैन कार्ड बैंक में जमा किया गया था, वह फर्जी था और आरोपी का वास्तविक पैन कार्ड उससे अलग है। बैंक प्रबंधन का आरोप है कि आरोपी ने अपने खराब क्रेडिट स्कोर को छुपाने के उद्देश्य से फर्जी पैन कार्ड का इस्तेमाल किया, ताकि बैंक से आसानी से लोन स्वीकृत कराया जा सके। दस्तावेजों में हेराफेरी कर बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाने की साजिश रची गई। इस मामले में एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि बैंक द्वारा लोन स्वीकृति के दौरान आरोपी के सभी दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं।

# नोएडा फेज-1 पुलिस ने 3 लुटेरों को चोरी व लूट के 10 लाख के माल के साथ किया गिरफ्तार

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर



**नोएडा।** थाना फेज-1 नोएडा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मोटरसाइकिल चोरी और मोबाइल स्नैचिंग करने वाले एक शातिर गैंग का पदार्फाश किया है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, 34 चोरी/स्नैचिंग के मोबाइल फोन और एक नाजायज चाकू बरामद किया है। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 29 दिसंबर 2025 की रात करीब 1:05 बजे की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में ध्रुव (21 वर्ष), रवि (25 वर्ष) और सागर (20 वर्ष) शामिल हैं। इनमें से अभियुक्त ध्रुव के कब्जे से नाजायज चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस ने इस संबंध में थाना फेज-1 नोएडा पर मुकदमा संख्या 558/2025 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं चोरी की मोटरसाइकिल के संबंध में गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में भी केस पंजीकृत है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने खुलासा किया कि वे पहले एकांत स्थानों पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी करते थे और फिर उसी चोरी की बाइक से राह चलते लोगों से मोबाइल फोन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देते थे। बरामद मोटरसाइकिल को उन्होंने करीब 14झ्र15 दिन पहले ब्लूम पब्लिक स्कूल, तिगरी के पास से चोरी किया था। इसके बाद नोएडा, दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में लगातार वारदातें कर चोरी और स्नैचिंग से मिले मोबाइल फोन राहगीरों को मजबूरी का हवाला देकर बेच देते थे और आपस में पैसे बांट लेते थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। विशेष रूप से अभियुक्त ध्रुव का लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। फिलहाल पुलिस बरामद मोबाइल फोन के असली मालिकों की पहचान कर उन्हें वापस करने की प्रक्रिया में जुटी है और गिरोह से जुड़े अन्य अपराधों की भी जांच की जा रही है।

## महिला के दो बैंक खातों से 1.32 लाख रुपये की साइबर ठगी

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र की लैंडक्राफ्ट गोल्फलिंक सोसाइटी में रहने वाली एक महिला का मोबाइल गुम होने के बाद साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने महिला के मोबाइल और उससे जुड़े बैंक खातों का दुरुपयोग करते हुए दो अलग-अलग बैंकों से कुल 1.32 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता उपमा दहिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 दिसंबर को उनका मोबाइल अचानक कहीं गुम हो गया था। मोबाइल गुम होने के कुछ समय बाद ही उनके फोन नंबर से जुड़े बैंक खातों से लेन-देन के संदेश आने लगे। संदेश देखकर वह हैरान रह गईं और तुरंत बैंक से संपर्क किया। बैंक से मिली जानकारी में सामने आया कि केनरा बैंक के खाते से 32,800 रुपये और पंजाब नेशनल बैंक के खाते से एक लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए हैं।

# मोदीनगर में रोडवेज बस ने ट्रक में मारी टक्कर, चालक समेत तीन घायल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बिसोखर कट के पास एक रोडवेज बस ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस चालक समेत दो सवारियों को चोटें आईं। गनीमत रही कि बस के पीछे कोई अन्य वाहन नहीं चल रहा था, अन्यथा हादसा और भी गंभीर रूप ले सकता था। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक बस सोमवार दोपहर गाजियाबाद के आनंद विहार से रवाना होकर दिल्ली-मेरठ मार्ग से गुजर रही थी। बस में करीब 35 यात्री सवार थे और वाहन को चालक विनोद कुमार चला रहे थे। बस जब मोदीनगर में बिसोखर कट के पास पहुंची, तो उसके आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। अचानक हुए इस घटनाक्रम में पीछे चल रही रोडवेज बस को चालक नियंत्रित नहीं कर सके। उन्होंने आपातकालीन ब्रेक लगाए, लेकिन फिर भी बस ट्रक में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में बस चालक विनोद कुमार के अलावा दो यात्री अंकित और नीरज घायल हो गए। तीनों को प्राथमिक उपचार दिलाया गया, जिसके बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद चालक ने बस को किसी तरह सड़क किनारे खड़ा कराया, जिससे यातायात बाधित न हो।

# गाजियाबाद हरनंदीपुरम के किसान अपर आयुक्त मेरठ से मिल सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा प्रस्तावित हरनंदीपुरम आवासीय योजना को लेकर किसानों का विरोध तेज हो गया है। ग्राम नंगला फिरोज मोहनपुर, शमशेर, चम्पतनगर, मथुरापुर और भंडेर बुजुर्ग के किसानों ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति जताई है। किसानों का कहना है कि योजना को लागू करते समय उनसे न तो कोई बातचीत की गई और न ही उनकी सहमति ली गई। इसी के विरोध में किसानों ने मेरठ आयुक्त के नाम का ज्ञापन अपर आयुक्त मेरठ अमित कुमार को सौंपा। किसानों का आरोप है कि भूमि का क्रय मूल्य निर्धारित करते समय बाजार भाव और सर्किल रेट में भारी अंतर रखा गया है। न्यूनतम सर्किल रेट के आधार पर भूमि का मूल्य तय किए जाने से किसानों का शोषण हो रहा है। यह प्रक्रिया भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम-2013 के प्रावधानों का उल्लंघन है, जिसमें बाजार मूल्य के अनुसार उचित मुआवजा देने का प्रावधान है। किसानों ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेशभर में सर्किल रेट बढ़ाने की घोषणा की गई थी, विशेष रूप से कृषि भूमि के दरों में वृद्धि की बात कही गई थी, ताकि भूमि अधिग्रहण के समय किसानों को उचित मूल्य मिल सके। इसके बावजूद गाजियाबाद में हर्षंदपुरम योजना से जुड़ी भूमि को छोड़कर अन्य संपत्तियों के सर्किल रेट में वृद्धि की गई, जिससे किसानों में असंतोष और बढ़ गया।

किसानों का कहना है कि सर्किल रेट बढ़ाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए थे, लेकिन प्रशासन ने उनकी जायज मांगों को नजरअंदाज करते हुए पूरे जिले में प्रस्तावित सर्किल रेट वृद्धि को ही रोक दिया। जबकि गाजियाबाद प्रदेश के सबसे अधिक राजस्व देने वाले जिलों में शामिल है और यहां संपत्तियों के बाजार भाव लगातार बढ़ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि हर्षंदपुरम योजना में भूमि को कम मूल्य पर लेकर प्रशासन इसे मात्र राजस्व अर्जन का साधन बना रहा है। हैरानी की बात यह है कि योजना को एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अभी तक मात्र 10 प्रतिशत भूमि का ही अधिग्रहण कर सका है। किसानों ने मंडलायुक्त से पूरे मामले में हस्तक्षेप कर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने और बाजार भाव के अनुसार उचित मुआवजा सुनिश्चित कराने की मांग की है।